

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार, 16 दिसंबर, 2023



## डॉ. रमन ने कहाः नांदगांव को संभाग बनाने होगी पहल

# शराबबंदी की दिशा में आगे बढ़ेगा राज्य पीएससी घोटाले की शीघ्र शुरू होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह ने आज यहां कहा कि सत्ता परिवर्तन के साथ ही प्रदेश अब शराबबंदी की दिशा में आगे बढ़ेगा और सट्टा, जुआ, अपराध और नक्सलवाद के खिलाफ राज्य सरकार तगड़ी रणनीति तैयार करेगी। डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ताजपोशी के साथ ही प्रदेश अब सुशासन की राह में अग्रसर होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि नांदगांव को संभाग बनाने की दिशा में भी पहल की जाएगी।

रिकार्ड मतों के साथ जीत के बाद पहली बार अपने निर्वाचन क्षेत्र आए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि छग की जनता ने निरंकुश कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंककर भाजपा को राज्य की बागडोर सौंपी है। जनता ने जिन उम्मीदों के साथ हमें यह मौका दिया है, हम मोदी की गारंटी के साथ उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि 15 साल के कार्यकाल के दौरान शराब दुकानों को बंद कर प्रदेश शराबबंदी की राह में बढ़ा था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने हर गांव में कोचियों के जरिये शराब मुहैया कराई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के आते ही अब राज्य एक बार फिर शराबबंदी की दिशा में आगे बढ़ेगा। पीएससी घोटाले पर पूर्व सीएम डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी पहली केबिनेट में इसका निर्णय ले लिया है और शीघ्र ही जांच शुरू कर दी जाएगी।

**पूर्व सीएम ने कहा:** विकास एवं उन्नति का मार्ग फिर से खुल गया है, इसमें कोई कमी आने वाले समय में नहीं रहेगी, यह उनका वचन है। आभार रैली की अगुवाई भाजयुमो अध्यक्ष मोंटू बहादुर के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ता बाईक रैली करते आगे चल रहे थे। मार्ग में महाकाल परिवार द्वारा 50 से अधिक ढोल-नंगाड़े बजाते पवन डागा के नेतृत्व में डॉ. सिंह का स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, सुरेश एच. लाल, अशोक चौधरी, सचिन बघेल, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, राजेश श्यामकर, भावेश बैद, शिव वर्मा, सावन वर्मा, किशनु यदु, प्रखर श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।



### बोरे में भरकर लाए गए थे नोट

डॉ. सिंह ने कहा कि विस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने नांदगांव की जनता को खरीदने के लिए बोरों में भरकर नोट लाए थे, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि नांदगांव की जनता को कोई खरीद नहीं सकता। इस चुनाव में गरीब, किसान, व्यापारियों के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है।

### घोषणा पत्र का होगा क्रियान्वयन

पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय ने भाजपा के घोषणा पत्र को क्रियान्वयन के लिए सीएस को सौंप दिया है। पहली कैबिनेट में 18 लाख मकानों के निर्माण, किसानों को दो साल का बोनस 25 दिसंबर को दिए जाने का निर्णय भी ले लिया है। किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए में की जाएगी। महतारी वंदन योजना का भी क्रियान्वयन शीघ्र शुरू होगा।

### नांदगांव की जनता ने बनाया विस अध्यक्ष

*पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें राज्य का विधानसभा अध्यक्ष बनने कहा है। वे इसका पूरा श्रेय राजनांदगांव की जनता को देते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनता ने उन्हें रिकार्ड तोड़ मतों से विस में भेजा है। विधानसभा अध्यक्ष के पद पर रहते वे नांदगांव के सर्वांगीण विकास की दिशा में पहल करेंगे।*

# रोड शो में पुष्प वर्षा, डॉ.रमन ने जनता का जताया आभार

राजनांदगांव। भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक डॉ. रमन सिंह का ऐतिहासिक मतों से विजयी होने के पश्चात प्रथम शहर आगमन पर क्षेत्र की जनता ने अभूतपूर्व स्वागत किया। रोड-शो के पूरे मार्ग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह के विशाल एवं आकर्षक कटआउट एवं फलैक्स, भाजपा के झंडे-तोरण, गुब्बारों के माध्यम से खुबसुरत तरीके से सजाया गया था। रोड-शो के दौरान सड़क के दोनों ओर आम जनता की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। माताएं-बहनें एवं बच्चे घर के छज्जों एवं छतों से हाथ हिला-हिलाकर व फूल बरसाकर डॉ. रमन सिंह के कारवां का अभिनंदन-स्वागत कर रही थी। डॉ. रमन सिंह भाजपा कार्यालय पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। नारेबाजी के साथ आतिशबाजी की गई। इसके बाद डॉ. रमन सिंह विशाल रैली के साथ परशुराम चौक पहुंचे, फिर मठपारा होते लखोली नाका पहुंचने पर भारी भीड़ ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। यहां वे फूलों व भाजपा के झंडों से सजी खुली गाड़ी में सवार हुए। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता भी उपस्थित रहे।





डॉ रमन ने कहा पिछले पांच वर्षों में क्षेत्र में ठप्प पड़े विकास कार्य को प्रारंभ कर शीघ्र पूरा किया जाएगा। पार्टी के आदेश पर अब वे आगे एक नए अवतार के रूप में विधानसभा अध्यक्ष के नाते सेवा करेंगे।

**पुष्पवर्षा कर किया अभिनंदन :** आभार रैली गंज चौक पहुंचा तो वहां आम जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जबर्दस्त स्वागत किया। गंज चौक में डॉ. रमन सिंह ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में अपनी विजय के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। जुलूस में हजारों कार्यकर्ता वाहनों एवं पैदल चल रहे थे। रैली के आगे-आगे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता वाहनों में नारेबाजी करते बढ़ रहे थे। रैली गंज लाइन, तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक में स्वागत मंच बनाकर नागरिकों, व्यापारिक संगठनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस में उपस्थित सभी का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। मानव मंदिर चौक में आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात जुलूस अपने अंतिम पड़ाव गुरूद्वारा चौक की ओर आगे बढ़ गया।















## खबर संक्षेप

### पंचायत प्रतिनिधियों ने दी विधायक साहू को बधाई



**खुज्जी।** विधायक भोलाराम साहू को जोशीलमती के सरपंच, पंच एवं ग्रामवासियों ने खुज्जी पहुंचकर बधाई दिया। इस दौरान सरपंच मुनेश्वरीबाई श्याम, दूधनाथ साहू, राजेश कुमार, रेवती बाई, माहेश्वरी बाई, रेणुका, रामबती, कुमार, रामाधार, ताम्रध्वज साहू, मनीराम, राधेलाल ,धनीराम अंजोरी राम आदि मौजूद थे। इस मौके पर विधायक ने आश्वासन दिया कि गांव के विकास का पूरा प्रयास करेंगे।

### श्रीमद भागवत कथा का वाचन आज से



**मोहला।** अंबागढ़ चौकी ब्लाक के नीचेकोहडा में बोल बम शिव शक्ति परिवार एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में 16 से 24 दिसम्बर तक श्रीमद भागवत कथ का आयोजन किया गया है। पहले दिन कलश यात्रा निकालकर ग्राम का भ्रमण किया जाएगा। कथावाचक पं. प्रकाश पांडे द्वारा अगले 9 दिन तक कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजकों ने अंचल के सभी भागवत प्रेमियों को आमंत्रित किया है। यह जानकारी सुजानिक निर्मलकर ने दी।

### रेडक्रास सोसाइटी की कार्यकारिणी गठित

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन की अनुशंसा से भारतीय रेडक्रास सोसायटी की जिला कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है।



छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के निर्देश पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा द्वारा नए आजीवन सदस्यों में से कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर एस जयवर्धन ने बताया की रेडक्रास सोसायटी मानव सेवा, स्वास्थ्य एवं मानवता के उद्देश्य को लेकर वार्ड स्तर पर काम कर रही है। आपदा के समय एवं कोविड कल में रेडक्रास के वेलेंटियार ने आगे बढ़कर काम किया है। रेडक्रास के सचिव डां. एसआर मांडवी सीएमएचओ ने बताया कि रेडक्रास की जिला समिति बनने से रेडक्रास सेवा, स्वास्थ्य गतिविधि को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

### रास्ता रोककर मारपीट, तीन को भेजा जेल

**गंडई पंडरिया।** वार्ड 3 में एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने रास्ता रोककर मारपीट किया है। मामले की शिकायत होने पर पुलिस ने धारा 341, 327, 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।



जानकारी अनुसार 14 दिसम्बर को अश्वनी पटेल निवासी वार्ड 1 पंडरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि विनोद यदु, भूपेन्द्र यदु, गजेन्द्र यदु ने उसका रास्ता रोककर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दिया साथ ही हाथ मुक्का, लात घुसा से मारपीट किया। मामले की शिकायत मिलने के बाद थाना प्रभारी शिव शंकर गेंदले ने टीम तैयार कर प्रार्थी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी विनोद यदु पिता कंगलाराम यदु, भूपेन्द्र यदु पिता बाबूलाल यदु एवं गज्जू उर्फ गजेन्द्र यदु पिता नरोत्तम यदु निवासी वार्ड 1 पंडरिया को पकड़कर थाना लाया। सभी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### कल्लूटोला में वीर मेला 20 को

**कल्लूबंजारी।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र कल्लूटोला में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह की शहादत दिवस 20 दिसंबर को धूमधाम मनाया जाएगा।इस मौके पर मादर नृत्य एवं राउत नाचा के साथ शोभायात्रा निकालकर गांव भ्रमण किया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक भोला राम साहू होंगे। अध्यक्षता केन्द्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष एमडी ठाकुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक इंद्रशाह मंडावी, छन्नी साहू, सुभाष यादव, रितेश जैन, राहुल तिवारी, मनोज सिन्हा, मदन नेताम, प्रमिला उइके, शेरसिंह गोंड़िया, दिनेश कुरेटी, पूरन नेताम, टीआर पंद्रो, दयालाल कौशल, सुभाष उइके, हौसीलाल साहू होंगे।

## बम्हनी सोसाइटी में छह किसानों से लाखों की धोखाधड़ी

# सिर्फ लिपिक को किया बर्खास्त अन्य को दिया अभयदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया

बम्हनी सहकारी समिति के लिपिक एवं कम्प्यूटर आपरेटर ने 6 किसानों के ऋण प्रकरण में धोखाधाड़ी कर लगभग 5 लाख 5 हजार का गबन किया था। मामले का खुलासा होने पर गठित जांच समिति ने किसानों का बयान लेकर पंचनामा बनाया। इस मामले में समिति प्रबंधक एवं अन्य पर कार्रवाई करने के बजाए केवल लिपिक शंकर दास साहू को बर्खास्त कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बम्हनी चारभांठा में खेती के लिए कृषक बिलास कतलाम सहित पांच अन्य ने ऋण प्रकरण बनवाया था। कृषक कतलाम ने लिपिक शंकर दास साहू से समिति में मुलाकात कर 25 हजार के ऋण की स्वीकृति चाही थी। लिपिक ने चेक जारी करते हुए धोखे से 25 हजार की जगह दो लाख पच्चीस हजार का जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छुरिया से आहरण करने के बाद 25 हजार कृषक को देकर शेष 2 लाख स्वयं रख लिया। सितंबर में दोबारा जब किसान को रकम की आवश्यकता पड़ी तब उसे मालूम हुआ कि उसके खाते से 2 लाख रूपये निकाला गया है। शाखा प्रबंधक से शिकायत करने के बाद मामले की जांच करना तो दूर रफा-दफा करने का प्रयास किया गया।

### संदेहास्पद को जांच का जिम्मा

बम्हनी समिति में फर्जी ऋण प्रकरण में कृषक की शिकायत के बाद जिन बैंक कर्मियों ने बर्खास्त लिपिक से सांठगांठ कर रकम निकालने में प्रमुख भूमिका निभाया था उन्हे ही जांच अधिकारी बना दिया गया। नतीजा लिपिक को बर्खास्त कर अन्य संलिप्त अधिकारियों को अभयदान दे दिया गया है।

# भाजपा के निशाने पर नगर पालिका के कार्य

■ गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

सत्ता में लौटने के बाद भाजपा नेताओं ने निकाय सहित अन्य संस्थाओं में हुए कार्यों की पोल खोलना शुरू कर दिया है। जनपद पंचायत के बाद नगर पालिका द्वारा बीते 3 सालों में कराए गए तीन करोड़ से अधिक के कार्य में फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण करने के मामले को लेकर भाजपा अब अध्यक्ष को हटाने की तैयारी में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका में एक करोड़ का गोबर घोटाला किया गया है साथ ही 8 लाख की गोबर से खाद मशीन को 48 लाख में खरीदकर भुगतान कर दिया गया। यह मशीन बिना उपयोग के ही कबाड़ में बदल गई। 50 से 90 हजार की लागत से विभिन्न वार्डो में मरम्मत के नाम से वर्क आर्डर जारी किया गया किन्तु बिना काम के राशि का आहरण कर लिया गया है। इसी प्रकार सीसी रोड़, नाली निर्माण हुए बिना ही भुगतान कर दिया गया है। शिकायत के अनुसार वार्ड 22 में द्वारिका विश्राम देवांगन के घर से सागर रजक तक सीसी रोड मरम्मत पर 70 हजार, पवन यादव के घर से विशाल देवांगन के घर तक सीसी रोड मरम्मत में 1.19 लाख, रेशमी यादव के घर से वर्मा के घर तक सीसी रोड मरम्मत 77 हजार, रज्जन के घर से नंदलाल के घर तक सीसी रोड़ मरम्मत 94 हजार, नेहरू कालेज से पीछे अवैध कालोनी में सीसी रोड़ निर्माण, रजा नगर में पुरानी नाली में स्लेप डालकर नए निर्माण के नाम से भुगतान कर दिया गया है। इसी प्रकार वार्ड 12 में शरद अग्रवाल से पूनम प्रिंटिंग प्रेस गली में नाली निर्माण, रमेश गट्टानी गली से संजय इलेक्ट्रीकल्स तक नाली एवं इंटरलाकिंग कार्य में जमकर चूना लगाया गया है।

### शेड शिफ्ट

अंडरब्रिज निर्माण के दौरान निकाले गये शेड को पालिका अध्यक्ष ने अपने वार्ड में स्थापित करवाकर बिल लगाकर राशि का आहरण किया है। पालिका में हुए फर्जीवाड़ा में भाजपा नेता के रिश्तेदार के नाम भी चर्चा में है। भाजपा से जुड़े ठेकेदार ने कांग्रेस से सांठगांठ कर टेंडर तो लिया और कांग्रेस से जुड़े ठेकेदारों को पेटी में देकर जमकर कमीशन बटोरा है। पेटी ठेकेदारों ने उक्त कार्यों को कागजों में ही पूरा कर राशि का दुरूपयोग किया।

### नेता के घर से टेंडर फार्म जारी

जानकारी के अनुसार पिछले 5 सालों में ठेकेदारों को पालिका कार्यालय के बजाय एक कांग्रेस नेता के घर से टेंडर फार्म जारी किया गया। पालिका द्वारा कबाड़ में पड़े वाहनों को भी फर्जी तरीके से बेचकर लाखों का फर्जीवाड़ा किया गया है।

### अब जांच की मांग

प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही मामले की जांच कराने की बात सामने आ रही है। नगर पालिका क्षेत्र में करोड़ों की शासकीय भूमि पर किए गए कब्जा के बाद बिना अनुमति निर्माण, आवास योजना में कांग्रेसी पार्षदों द्वारा ठेकेदारी, पुराने आवासों को नया बनाना बताकर राशि का आहरण किया गया। इसी प्रकार अध्यक्ष निधि से लाखों कार्य स्वीकृति कर राशि का दुरूपयोग किया गया है।

### इंसेक्ट बायोडायवर्सिटी पर हुआ व्याख्यान

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में 12 दिसंबर को प्रभारी प्राचार्य डॉ ईवी रेवती के निर्देशन में प्राणीशास्त्र विभाग में इंसेक्ट बायोडायवर्सिटी इन दुर्ग भिलाई रीजन विषय पर व्याख्यान का आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता शासकीय महाविद्यालय बोरी के प्राणीशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक कविता ठाकुर थी। उन्होंने छात्र- छात्राओं को दुर्ग भिलाई और उनके आस पास में पाए जाने वाले विभिन्न कीट- पतंगों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन ऋचा अग्रवाल तथा आभार प्रदर्शन मोनिका वर्मा ने किया।



# मुखौटा लगाकर किया प्रदर्शन



**डोंगरगांव।** नियमितिकरण सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलित ग्रामीण डाक कर्मियों ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री और संचार मंत्री का मुखौटा लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए नारेबाजी किया साथ ही अपनी मांगों को प्रबलता के साथ उठाया।

प्रदर्शन में भैरवप्रताप, टालेश्वर मारकंडे, गोविंदा राजपूत, तुलाराम ठाकुर, राधेश्याम साहू, दीनदयाल साहू, पुनेश्वर मारकंडे, ओमप्रकाश भुआर्य, भोज कुमार, हेमूराम, टेकेन्द्र देवांगन, मनीष, सय्यद रफ़ी, प्रशांत साहू, ध्रुवराम कोठारी, वंश मंडावी, प्रभात रावत, त्रेताकुमार, प्रीति चंद्राकर, कशिश महंत, दिव्या ध्रुवे, चंद्रप्रभा मारकंडे, धनेश्वरी रजक, डोमेंद्र सोरी, युगल किशोर, रामलाल, अजय कुमार, ओमप्रकाश साहू, मुरलीप्रसाद यादव, सच्चिदानंद, मनीषा गेंड्रे, खिलेश्वरी साहू, हीना शर्मा, पूजा मंडावी, चेतना, अर्चना साहू, दुर्गा महिलांगे, भावना रानी, हिना सार्वा, भावना कोर्राम आदि शामिल हुए।

# सीसी रोड के निर्माण में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



नगर पालिका द्वारा नीचे मंदिर मेला ग्राउंड से नेहरू महाविद्यालय तक आरसीसी रोड का निर्माण शुरू किया गया है। इस कार्य में अनियमितता बरता जा रहा है। डेढ़ करोड़ के इस कार्य को राजनीतिक दबाव और कमीशन के चलते बिना अधिकारी, इंजीनियर की देखरेख में शुरू कर दिया गया है। आरसीसी सड़क को बिना बेस के बनाया जा रहा है जबकि निर्माण के पूर्व लगभग 5 इंच की खुदाई कर मजबूत बेस के साथ ही काम किया जाना था। निर्माण में मापदंड के अनुरूप सीमेंट उपयोग भी नहीं किया जा रहा है। स्टीमेट के अनुरूप 2 घमेला गिट्टी, 1 घमेला सीमेंट एवं 1 घमेला रेत का उपयोग करना है किन्तु मौके पर स्टीमेट के आधार पर मटेरियल का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। निर्माण में चूरा गिट्टी का उपयोग हो रहा है।

### अधिकारी मुख्यालय में नहीं

पालिका इंजीनियर मुख्यालय में कम विभागीय बैठकों में ज्यादा रहते है। निर्माण कार्य की देखरेख इंजीनियर की अनुपस्थिति में ठेकेदार के भरोसे चल रहा है।

# पेंशनरों ने किया विधायक का सम्मान

## सेवा में कभी नहीं आएगी कमी : हर्षिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



पेंशनर एसोशिएशन ने समारोह आयोजित कर नवनिर्वाचित विधायक हर्षिता स्वामी बघेल को शाल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया। कार्यक्रम में विधायक ने समस्त पेंशनरों को श्रीफल और गमछा प्रदान किया। इस मौके पर विधायक श्रीमती बघेल ने कहा आप सभी पिता तुल्य वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है जिसके लिए वह सदैव उनकी ऋणी रहेंगी।

सभी की समस्याओं के निराकरण की दिशा में प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पेंशनर एसोशिएशन के अध्यक्ष ललित नारंग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संजीव गोमास्ता, रामजी तराने, अनिल मेश्राम, जितेन्द्र भाटिया, शिशुपाल भारती, रुपचंद खोबरागड़े, मतिन खान, कमल शर्मा, पेंशनर एसोशिएशन के अध्यक्ष ललित नारंग, एनआर देवांगन, केआर देवांगन, बिश्वनाथ यादव, हेमंत साहू, रमेश बहेकर, बीआर बघेल, डीपी शर्मा, केएल साहू, एचआर साहू, एके पैकरा, प्रहलाद वर्मा, एके मेश्राम, बबलू शांडिल्य, केके बघेल, केके जैन, मुनेश्वर शर्मा, मो. शरीफ, क्रांति बंजारे, राखिन यादव, हीरालाल यादव, केदार यादव, हंसराज साहू, श्यामलाल महोबिया, टीएल तिवारी, डीसी एड़े, पवन शर्मा, योद्धासिंह राठौर सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन केएल साहू और आभार एके पैकरा ने किया। यह जानकारी रमेश बहेकर ने दी।

# चिल्हाटी कन्या आश्रम में कलेक्टर ने बांटा स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने चिल्हाटी में संचालित अनुसूचित जाति कन्या आश्रम पहुंचकर बालिकाओं के बीच समय बिताया। कलेक्टर यहां पालक बनकर पहुँचे, उन्होंने नन्ही बालिकाओं को अपना दुलार दिया। कलेक्टर को अपने बीच पाकर आश्रम की बालिकाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। कलेक्टर ने ठंड को देखते हुए बालिकाओं को स्वेटर वितरित किया। कलेक्टर ने बालिकाओं को चॉकलेट और पेन भी दिया। कलेक्टर ने बालिकाओं का हाल-चाल जाना और आदिवासी विकास विभाग और आश्रम अधीक्षिका को निर्देशित किया कि समय-समय पर बच्चों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से कराएं।



### बढ़ाया हौसला

कलेक्टर ने बालिकाओं को रोचक बातें बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने अपने स्कूली जीवन की अनुभव साझा किया। कलेक्टर ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सदैव अनुशासित रहे, लगन के साथ पढ़ाई करें और अपने शिक्षकों, बड़े बुजुर्गों के ज्ञान का अनुसरण कर जीवन में आगे बढ़े। कलेक्टर की प्रेरितकारी बातों से बच्चे पहले ही मुलाकात में घुलमिल गए। कलेक्टर ने पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां, विभिन्न ज्ञानवर्धन किताबों को पढ़ने की सीख दी।

### कबड्डी स्पर्धा आज

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत पैलीमेटा में युवाओं, व्यापारियों एवं ग्रामीणों के तत्वावधान में एक द्विवसीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कल 16 दिसम्बर को किया गया है। इस प्रतियोगिता में आसपास के गांव के कबड्डी दल शामिल होते है। स्पर्धा के पुरुष वर्ग में विजेताओं को क्रमशः 15 हजार, 8 हजार, 5 हजार ,3 हजार, महिला वर्ग में क्रमशः 6 हजार, 4 हजार, 3 हजार एवं 2 हजार दिया जाएगा।

कार्यालय ग्राम पंचायत घिरघोली
जनपद पंचायत छुईखदान, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

साप्ताहिक बाजार नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घिरघोली के साप्ताहिक बाजार नीलाम जिसकी अवधी 19/12/2023 से 31 मार्च 2025 तक (एक वर्ष तीन माह के लिए) साप्ताहिक बाजार की बिक्री नीलाम के माध्यम से की जानी है। नीलामी तिथि/ दिन/ समय/शर्तें निम्नानुसार है :-

इच्छुक उम्मीदवार नीलामी में भाग लेने हेतु अमानत राशि बोली लगाने से पूर्व राशि 5000/- (पांच हजार रुपए) नगद/डी.डी. अमानत के तौर पर सरपंच/ सचिव ग्राम पंचायत घिरघोली के पास जमा करना होगा।

नीलाम का विवरण- दिनांक - 19/12/2023, दिन- मंगलवार, समय- 11.00 बजे, स्थान- ग्राम पंचायत घिरघोली

शर्तें :- 1. डिफाल्टर सदस्यों को बोली में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।
2. बोली लगाने से पूर्व अमानत राशि 5000 रु. जमा करना अनिवार्य होगा।
3. बोली स्वीकृत होने के पश्चात् अंतिम बोलीकर्ता समस्त राशि तत्काल जमा करना अनिवार्य होगा।
4. अन्य अधिकार ग्राम पंचायत द्वारा अधिमान्य होगा है।

सचिव
ग्राम पंचायत, घिरघोली, जनपद पंचायत छुईखदान
मो. नं. 9630518270

सरपंच
ग्राम पंचायत, घिरघोली, वि.ख. छुईखदान (छ.ग.)
मो. नं. 9754384014

Rahul Travels
One Way Taxi Pvt Ltd
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels /RahulTravelsOneWay www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से
23 दिसंबर से 02 जनवरी 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि:- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी.)
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
रायपुर : कटोरा तालाब स्वामीत नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, राम लखी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
टखने पर जोड़ों पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133


## खबर संक्षेप



### खुज्जी विधायक भोलाराम का सम्मान

**राजनांदगांव।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में 15 दिसंबर को स्थानीय सतनाम भवन में जिले के कांग्रेस के सभी नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू को पुष्पगुच्छ देकर विधायकों का सम्मान किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### संस्कार सिटी के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में समय-समय पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक बौद्धिक व अन्य एडवेंचरस गतिविधियों का आयोजन निरंतर करवाई जाती है। इसी क्रम में विद्यालय के कक्षा दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों को "अलोहा नेचर स्टे रिसॉट और एंडवेंचर" सिरपुर छत्तीसगढ़ का भ्रमण करवाया गया। इस एडवेंचर कैंप में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के एडवेंचर्स का मजा लिया। विद्यालय के बच्चों ने सर्वप्रथम टैंट बनाना सीखा। उसके बाद विभिन्न प्रकार के एडवेंचर्स का मजा लिया। जिसमें जेंट स्वींग, जिंप लाइन, जिप जैंक, ब्रीज, ब्लॉक ब्रीक, शेप क्रोस, बैलेंसिंग ब्रीच, बकेट ब्रीज, टायर क्रासिंग, होरिजोंटल नेट, स्काई साइकिल, मल्टी वाइन, स्पाइडर वेब, वॉल क्लाइबिंग तथा अन्य एडवेंचरस एक्टिविटी का आनंद लिया।

### नई सरकार से खुलेंगे विकास के नए द्वार : जैन

**राजनांदगांव।** श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार डबल इंजन का सरकार बनने तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री का बागडोर विष्णुदेव साय जैसे कुशल राजनीतिज्ञ के हाथों सौंपने से यह विश्वास व्यक्त किया गया है कि उनके कुशल नेतृत्व में गठित सरकार छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास करने में पूर्णतः सफल होगी। शिवनाथ विकास समिति द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा तथा स्पीकर डॉ. रमन सिंह का हार्दिक अभिनंदन करते शुभकामनाएं प्रेषित की गई है। समिति को पूरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं पूर्व मुख्यमंत्री, विधायक राजनांदगांव व स्पीकर के आशीर्वाद से उपरोक्त योजनाओं को शीघ्रतिशीघ्र मूर्त दिया जा सकेगा।



### छत्तीसगढ़ को संवारेगी सीएम व उनकी टीम

**राजनांदगांव।** भाजपा शहर मंडल के मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड मतों से जीतने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह के सहयोग व मार्गदर्शन में नए सीएम व उनकी टीम फिर से छत्तीसगढ़ को संवारेगी। अब राजनांदगांव का भी तेजी से विकास होगा और यहां रूके विकास के कार्यों को गति मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि डॉ. रमन छत्तीसगढ़ की शान है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में जो विकास हुआ, वह ऐतिहासिक व अभूतपूर्व है।



## सभी केन्द्रों में साढ़े 4 करोड़ से अधिक की खरीदी

# धान की बफर आवक, परिवहन लचर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

### सप्ताहभर में केन्द्रों में लिमिट से अधिक धान का संग्रहण

बीते सप्ताह बारिश होने के बाद धान की बंफर आवक शुरु हो गई है। वही प्रतिदिन धान खरीदी का लिमिट बढ़ने से खरीदी की मात्रा बढ़ गई है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरु हुए डेढ़ माह हो चुका है पर परिवहन व्यवस्था अब तक पटरी पर नहीं आई है। बीते साल का अपेक्षा इस साल किसानों ने प्रति एकड़ 5 क्विंटल अतरिक्त धान खरीदी हो रही है जिससे सप्ताह भर में ही केन्द्रों में लिमिट से अधिक धान का संग्रहण हो गया है।

बारिश के बाद इस सप्ताह धान के उठाव ने गति पकड़ा है परन्तु धान की आवक के हिसाब परिवहन व्यवस्था कमजोर है। कुछ केंद्र ऐसे है जहां धान का उठाव बेहतर है तो कुछ केन्द्र से धान का उठाव शुरु नहीं हुआ है। कुछ उपार्जन केन्द्रों मे डीओ जारी होने के बाद भी धान का उठाव नही किया जा रहा है। मिलर्स मोटा की अपेक्षा पतला धान का उठाव अधिक कर रहे है। केन्द्रों से मोटे धान का परिवहन नाम मात्र हुआ है। इधर अब तक पच्चीस फिसदी पंजीकृत किसानों ने अपना धान बेचा है।

अगामी डेढ़ महीने के धान खरीदी में 75 फिसदी किसानों से धान खरीद कर केंद्रों को अपना टारगेट पुरा करने की चुनौती बन गया है। टारगेट पुरा करने को लेकर केन्द्र चिंता में नजर आ रहे है। लचर परिवहन व्यवस्था से परेशान समिति प्रबंधक उठाव में तेजी लाने की मांग करते आ रहें है। फिर परिवहन व्यवस्था में सुस्ती बना हुआ है।



### लिमिट से तीन गुना धान

सुस्त परिवहन व्यवस्था के कारण केन्द्रों में लिमिट से तीन गुना से अधिक धान का संग्रहण हो गया है। ठाकुरटोला धान उपार्जन केन्द्र में अब तक 21 हजार 73 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। पर यहां परिवहन अब तक शुन्य है। बताया गया कि डी ओ कटने के सप्ताह भर बाद भी धान का उठाव शुरु नही हुआ है। विचारपुर उपार्जन केन्द्र में 26 हजार 897 क्विंटल धान खरीदी में मात्र 7308 क्विंटल का ही परिवहन हुआ है। यहां भी कुछ डीओ और जारी हुये सप्ताह भर हो चुका है। पर उठाव नही हुआ है। कुकुरमुड़ा अतरिया उपार्जन केंद्र में 443 किसानों से 20 हजार 514 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। और परिवहन 8480 क्विंटल का ही हुआ है। स्थानाभाव के चलते यहां भी धान खरीदी बढ़ी मुश्किल से हो रही है। सण्डी केन्द्र में 21756 क्विंटल की खरीदी में 10420 क्विंटल का उठाव हो चुका है। तथा करीब छः हजार क्विंटल का डीओ जारी हो गया है। यहां धान का उठाव काफी अच्छा बताया जा रहा है।

### साढ़े चार करोड़ से अधिक की खरीदी

बीते डेढ़ महीने के धान खरीदी में केन्द्रों ने साढ़े चार करोड़ से अधिक का धान खरीदी कर लिया है। वही लगभग दो, दो करोड़ का लिकिंग वसुली हुआ है। धान खरीदी केन्द्र विचारपुर में 422 किसानों से 5 करोड़ 89 लाख 27 हजार 668 रुपये का धान खरीदी हुई है। तथा 2 करोड़ 69 लाख 89660 रुपयें का लिकिंग वसुला गया है। ठाकुरठोला में 410 किसानों से 4 करोड़ 63 लाख 13915 रुपये का धान खरीद कर 1 करोड़ 70 लाख 50364 रुपयें का लिकिंग वसुल हुआ है। कुकुरमुड़ा अतरिया में 443 पंजीकृत किसानों से 4 करोड़ 50 लाख का धान खरीदी कर 1 करोड़ 92 लाख 24686 रुपयें लिंकिंग वसुल हुआ है। सण्डी में 4 करोड़ 77 लाख 53910 रुपये का धान खरीद कर 1 करोड़ 72 लाख 23415 रुपयें का ऋण वसुल हो चुका है।

## बैठक में भारत संकल्प यात्रा की तैयारी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के संबंध में जिलाधिकारी की बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक अभिनव पहल है जिसमें विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी हितग्राही योजना का लाभ लेने से वंचित न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभागों में संचालित योजनाओं अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें।

### यात्रा का रूट तैयार

कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए बनाई गई गाईडलाइन से अधिकारियों को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 16 दिसंबर को होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर पर रुट चार्ट तैयार कर लिया गया है। जिला स्तर, विकासखंड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दिया गया है।

### आज कई गांवों में शिविर

जानकारी के अनुसार कल 16 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत गोटाटोला, मानपुर एवं ग्राम पंचायत बिहरी कला एवं बामनारा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आधार कैंप, स्वास्थ्य परीक्षण एवं विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर नागरिकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन लिया जाएगा। हितग्राहियों को मूलक सामग्री का वितरण किया जाएगा।

### कारीगरों और शिल्पकारों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना

**राजनांदगांव।** कारीगरों और शिल्पकारों के व्यवसाय को बढ़ावा देने व उन्हें आर्थिक सम्बल प्रदान करने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई है। योजना के तहत 18 पारंपरिक व्यवसाय को शामिल किया गया है, जिन्हें कम ब्याज दर पर सहायता प्रदान की जाएगी। पंजीकरण हेतु आवेदन सीएससी के माध्यम से, पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल/मोबाईल एप पर कर सकते हैं। योजना के लिए आवश्यक दस्तावेज में आधार, मोबाइल नम्बर, बैंक विवरण, राशन कार्ड, पंजीकरण पूर्णतः निःशुल्क होगा। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कलेक्ट्रेड परिसर संयुक्त भवन हॉल नम्बर 01 राजनांदगांव में सम्पर्क कर सकते हैं।

# समस्या का समाधान करने की मांग

**राजनांदगांव।** जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चे के संतोष बोरकर ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के समय से अनुसूचित जाति वर्ग के समुदाय के लोगों के लिए जाति प्रमाण पत्र की समस्या निरंतर बनी हुई है। जाति प्रमाणित करने के बाद भी 1950 के पूर्व वर्तमान छत्तीसगढ़ की भौगालिक सीमा में निवास करने के दस्तावेज की मांग जैसे जटिल नियमों के कारण समुदाय के लोगों के जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे हैं। जिसके कारण समुदाय के लोगों को राज्य की शासकीय नौकरियों में आरक्षण एवं छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा जाति प्रमाण पत्र के सरलीकरण के नाम पर वर्ष 2013 में नियम बनाए गए। इसमें भी 1950 के पूर्व दस्तावेजों की मांग को निरंतर बनाए रखा गया। जिसके चलते समुदाय के लोगों को पिछले 23 वर्षों से अपने संवैधानिक अधिकारों एवं अवसरों से वंचित होना पड़ रहा है। जिसके कारण समुदाय के लोगों में शिक्षा के प्रति अरुचि, बेरोजगारी एवं आर्थिक असमानता बढ़ रही है।

जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चे राजनांदगांव के पदाधिकारियों में संतोष बोरकर, निलेश ठावरे, राजू बरमाटे एवं पीयूष उके ने नई सरकार को बधाई देते शासन से यह अपील की है कि अनुसूचित जाति वर्ग के समुदाय के जाति प्रमाण पत्र की समस्या का समाधान शीघ्र ही किया जाए।

### हमेशा किया गया नजर अंदाज

उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों द्वारा जाति प्रमाण पत्र की समस्या के समाधान के लिए समय-समय में राज्य सरकारों को अवगत कराया जाता रहा है, लेकिन हर बार इस विषय को राज्य सरकारों द्वारा नजरंदाज कर दिया जाता है। जुलाई 2022 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार को जाति प्रमाण पत्र की समस्या के समाधान से अवगत कराने जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चे के बैनर तले राजनांदगांव में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। इसके अलावा कांग्रेस और भाजपा के विधायक, जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों को भी ज्ञापन देकर इस समस्या के समाधान से अवगत कराया गया था। कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा हमेशा यह आश्वासन दिया गया कि कांग्रेस सरकार के अगले कार्यकाल में निश्चित ही इस विषय का समाधान किया जाएगा, लेकिन अब कांग्रेस को राज्य की जनता ने सत्ता से बेदखल कर दिया है। अब राज्य और केंद्र में भाजपा का शासन है तो राज्य सरकार को तत्परता के साथ जाति प्रमाण पत्र की समस्या के समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखानी चाहिए। शासन को जाति प्रमाण पत्र के लिए प्रचलित 2013 के नियमों में आवश्यक संशोधन कर जाति प्रमाण पत्र के लिए 1950 के पूर्व निवास के दस्तावेजों की मांग को खत्म करना चाहिए।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में अंतरशालेय फुटबाल कप

## बालक वर्ग में रॉयल किड्स, डीपीएस व वाडइनर स्कूल पहुंची सेफा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रॉयल किड्स कान्वेंट में आज डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल अंतरशालेय फुटबाल मैच का सेमीफाइनल खेला गया।

इसके अंतर्गत दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं रॉयल किड्स कान्वेंट बालक वर्ग में रॉयल किड्स कान्वेंट ने 3 गोल बनाकर विजय हासिल की।

दूसरा मैच गायत्री विद्यापीठ एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल बालिका वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल 4 पेनाल्टी गोल से जीतकर सेमीफाइनल का रास्ता तय किया। तीसरा मैच वाईडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल एवं स्टेट हाईस्कूल बालक वर्ग में वाइडनर स्कूल 6 गोल से विजयी रहा।



### वाईडनर, रॉयल किड्स और स्टेट स्कूल पहुंची फाईनल में

तत्पश्चात पहला मैच सेमीफाईनल में रॉयल किड्स कान्वेंट ब ग्रुप एवं वाइडनर मेमोरियल के बीच हुआ। जिसमें वाइडनर स्कूल ने 6-0 गोल से जीत दर्ज की। रॉयल किड्स कान्वेंट अ ग्रुप एवं गायत्री विद्यापीठ के बीच हुआ। जिसमें रॉयल किड्स कान्वेंट ने 2-1 से जीत दर्ज की। स्टेट स्कूल बालिका वर्ग एवं रॉयल किड्स कान्वेंट बालिका वर्ग के बीच हुआ। जिसमें स्टेट स्कूल ने 7-0 से जीतकर फाइनल में अपना स्थान बनाया। इस अवसर पर शाला अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, एकेडमिक डॉयरेक्टर एवं प्राचार्य मधुसूदन नायर, बरसर आईके वैष्णव, सीजी बोर्ड प्राचार्य गोपाल साहू एवं सीबीएससी प्राचार्य सीमा डोल्हे एवं शाला परिवार ने बधाई दी।

# पालक ही सुधार सकते हैं बच्चों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बच्चों का भविष्य पालक ही सुधार सकते हैं, यह बात शाला प्रबंधन समिति सोमनी एवं पालकों के बीच हुई बैठक में जनकल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष एवं शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद् सदस्य योगेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में कही गई।

उन्होंने पालकों से छात्रों के विषय में सिलसिलेवार जानकारी प्राप्त कर स्कूल से वापस घर जाने के बाद बच्चों को पढ़ने में मदद करते हैं कि नहीं इस पर विशेष चर्चा की, जब तक बच्चों को पालक पढ़ाई में सहयोग नहीं करेंगे, उन्हें पढ़ने प्रोत्साहित नहीं करेंगे, तब तक बच्चा पढ़ाई में रूचि नहीं लेगा। खेलकूद में उसका ध्यान अधिक रहेगा, इससे उसकी पढ़ाई की गुणवत्ता में स्वभाविक रूप से प्रभाव पड़ेगा। अपने बच्चों के भविष्य का निर्माण स्वयं करते हैं। शिक्षक तराशने का कार्य करता है। पालकों से निवेदन किया गया कि आप बच्चों को अपने काम के साथ-साथ पढ़ाई के लिए अवश्य समय दें। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पालकों, शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों के बीच कैसे अच्छा समन्वय हो सकता है। बच्चों के नियमित शाला आने को लेकर विशेष चर्चा की गई। साथ ही बच्चों के शैक्षणिक स्तर व उनमें गुणवत्ता किस प्रकार बढ़ाई जा सकता है। इस पर विस्तार से चर्चा की गई।



संकुल समन्वयक व प्रधान पाठक नरेश दुरुगकर द्वारा स्कूल की प्रबंधन व्यवस्था, शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराने के तरीके, ड्राप आउट बच्चों, अनियमित बच्चों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। स्कूल के शिक्षक सुधीर गजभिये, पूनम सिंह एवं अर्पणा रामटेके द्वारा कक्षावार अनियमित बच्चों की जानकारी दी गई तथा पालकों से इस विषय में चर्चा की गई।

शाला ने नई पहल करते पालकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सक्रिय पालकों का चयन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए पालकों में ममता, उषा बघेल, गीता बमभोले, सरिता चंदेल, संतोष बघेल मुख्य हैं। बैठक में शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष मीनू सिंह व पालकगण उपस्थित थे।

# कैरियर गाइडेंस पर अतिथि व्याख्यान

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के निर्देशन एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम खान के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा कैरियर गाइडेंस पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. डीआर साहू प्राध्यापक गणित विभाग शा. नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत करते डॉ. केके देवांगन ने डॉ. डीआर साहू से विद्यार्थियों का परिचय करवाया। तत्पश्चात डॉ. शबनम खान ने कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा समुचित विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया



### परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में दी जानकारी

डॉ. डीआर साहू ने गणित के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को "कैरियर गाइडेंस एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट" पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को पीएससी, एसएससी, बैंकिंग, पोस्ट ऑफिस एवं विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी किस प्रकार की जाए, इसकी जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं को शांत किया। मंच संचालन डॉ. केके देवांगन और आभार ज्ञापन डॉ. कविता साकुरे द्वारा किया गया। इस दौरान रवि साहू एवं अंतिम गणित के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

# गायत्री विद्यापीठ में वार्षिक खेल स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ में वार्षिक खेल स्पर्धा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों के बीच विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। गायत्री शिक्षण समिति के सदस्यों की उपस्थिति में खेल स्पर्धा का शुभारंभ किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा रैबिट रेस, फार्मर रेस, पेयर बाल रेस, हॉकी रेस, हर्डल रेस, बैलेंसिंग रेस आदि का शानदार प्रदर्शन किया गया।

स्वागत भाषण देते गायत्री शिक्षण समिति के सचिव गगन लड्ढा ने कहा कि खेल हमें जीने की कला सिखाती है। जिसमें जीवन के सारे दांव-पेंच हमें देखने को मिलते है। हर परिस्थिति में सम रहकर हमें समस्याओं से निपटने की प्रेरणा विभिन्न खेलों के माध्यम से मिलती है।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, हरीश गांधी, वत्सला अय्यर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, अनिल बाजपेयी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता उषा झा ने दी।



### बच्चों के विकास में खेल महत्वपूर्ण कड़ी

प्राचार्य वत्सला अय्यर ने पालकों की उपस्थिति की सराहना करते कहा कि आज इन बच्चों की खिलखिलाहट, हंसी से पूरा वातावरण शोभायमान हो रहा है। वैसे ही बड़ी संख्या में पालकों की उपस्थिति हम सभी के लिए हर्ष की बात है। बच्चो के सर्वांगीण विकास में खेल एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस विधा से वे हमेशा जुड़कर अपने माता-पिता व देश का नाम रौशन करेंगे। उक्त आयोजन में प्री-प्राइमरी विभाग के प्रभारी मुनीरा अली, सोनल रायचा, वसुधा लड्ढा के साथ शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन सीमा गायधने एवं रेणुका

### बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर बलिदानी वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस 10 दिसंबर को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी रायपुर जिला ईकाई द्वारा रायपुर के जयस्तंभ चौक स्थित वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया है। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अजय चकोले, रायपुर संभागाध्यक्ष फरीद कुरैशी, संभाग उपाध्यक्ष संदीप पाल, रायपुर जिला अध्यक्ष प्रकाश नारायण शुक्ल, विश्राम सिंह, परस सिंह कुंजाम, जीवनलाल मरावी, संतोष, गोविंद, विसंभर, मुन्ना, लखन, नितिन नायक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### अर्जुनी में चक्काजाम मामले में दर्जनभर ग्रामीणों पर मामला दर्ज

**राजनांदगांव।** ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत होने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया था, जिस पर पुलिस ने लगभग दर्जनभर ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गत दिवस ग्राम अर्जुनी मुख्य मार्ग में लापरवाही से भागती ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया था। जिससे मौके पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया था। जिसके चलते दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई थी। वहीं कई वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने लगभग दर्जनभर ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया जौहर

**राजनांदगांव।** जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में रूवातला के विद्यार्थियों ने अपना जौहर दिखाया है। रूवातला मिडिल स्कूल के विद्यार्थी धनसिंह, हरिशंकर, मयंक और विकास ने रिलेरेस प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी उपलब्धि पर शाला परिवार सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने उन्हें बधाई दी है। मिली जानकारी के अनुसार संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपने संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने जोन स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते अलग-अलग खेलों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संगीता वर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में अच्छी शिक्षा के अलावा शारीरिक श्रम और खेलों का अत्याधिक महत्व है। खेलों के जरिये अनुशासन सीखकर बच्चे अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। स्पर्धा के दौरान प्रधानपाठक लूनकरण वर्मा, आरके साव, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, प्रधान पाठक बंदिश नेमपांडे, राजेश पंचभाई, नीतू वर्मा आदि मौजूद रहे।



### एचआईवी पीड़ितों के हित में विभिन्न नियम व कानून विषय पर व्याख्यान

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एड्स पखवाड़े का आयोजन किया गया। आयोजन में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एड्स के संबंध में विद्यार्थियों के मध्य जागरूकता फैलाने रंगोली, पोस्टर तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस संबंध में एस. कुमार साहू सिविल हॉस्पिटल खैरागढ़ द्वारा एड्स जागरूकता के विषय पर विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। हेमंत कुमार नंदागौरी सहायक प्राध्यापक (विधि) छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर द्वारा एचआईवी पीड़ितों के हित में विभिन्न नियम व कानून विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। एड्स पखवाड़ा के आयोजन में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की संयोजक वंदना मिश्रा, एनएसएस प्रभारी संजय सप्तर्षि तथा करुणा रावटे, यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी तथा रेड रिबन क्लब सदस्य डॉ. प्रियंका सिंह, शरद कुमार तिवारी, लकेश्वर सिंहा, मुक्ति वर्मा का विशेष योगदान रहा।



### प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व सांसद से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल ने 15 दिसंबर को पूर्व सांसद व पूर्व महापौर मधुसूदन यादव से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने निवेदन किया कि पूर्व मुख्यमंत्री से भेंट कराना सुनिश्चित कर चर्चा में सहयोग करें। पूर्व सांसद श्री यादव ने मुलाकात कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डीएन साहू, प्रांतीय महामंत्री केपी सिंह, जिला महासचिव जीआर देवांगन, कोषाध्यक्ष गैंदलाल देवांगन, जिला उपाध्यक्षगण आरके दुबे, हसीना बेगम खान, पुष्पा सांवकर, प्रांतीय सचिव डीडी पाण्डेय, नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे, केबी कुरैशी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे ने दी।



### नेशनल लोक अदालत आज

**राजनांदगांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश आलोक कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार कल 16 दिसंबर 2023 को जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। संबंधित पक्षों की सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत में सुनाए गए फैसलों की सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसलों जितनी ही अहमियत होती है और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। जिला न्यायाधीश ने जिले के आम लोगों से लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है।



### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आवास-गृहों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार ने न्यायिक कर्मचारियों के लिए पेंड्री में बनाए जा रहे 81 आवास गृह के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने निर्माण स्थल पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी तथा उप-अभियंता से निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति देखकर नाराजगी व्यक्त की और निर्माण कार्य में गुणवत्ता को ध्यान में रखते निर्धारित मानक के अनुरूप शीघ्रातिशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विशेष न्यायाधीश थॉमस एक्का, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) अभिषेक शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश साहू, कोर्ट मैनेजर अजय सोनी, प्रशासनिक अधिकारी सुदीप कुमार नाग, न्यायालय उपाधीक्षक राजेश पाण्डेय तथा सहायक लेखापाल महेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

## महापौर ने ली तकनीकी अधिकारियों की बैठक

# काम शुरू नहीं करने वाले ठेकेदारों को जारी करें नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने गत दिनों अपने कक्ष में तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर सभी अधिकारियों से स्वीकृत कार्य प्रारंभ करने तथा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों में गति लाने निर्देश दिए। बैठक में महापौर श्रीमती देशमुख ने वार्डों के लिए स्वीकृत 10-10 लाख के निर्माण कार्यों की प्रगति के अलावा अन्य कार्यों की जानकारी ली।

कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके एवं कामना सिंह यादव ने अपने-अपने प्रभारित वार्ड के कार्यों की जानकारी देते कहा कि अधिकांश वार्डों में कार्य प्रगति पर है। कुछ वार्डों में कार्य प्रारंभ किया जाना है। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि प्रगतिरत कार्यों में तेजी लाएं एवं अप्रारंभ कार्य तत्काल प्रारंभ करें। ठेकेदारों को सभी कार्य प्रारंभ करने निर्देशित करें, जो ठेकेदार लंबे समय से काम चालू नहीं कर रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी करें तथा 3 दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ करावें। डामरीकरण एवं पेंचवर्क के शेष कार्य प्रारंभ करें। महापौर एवं पार्षद निधि तथा सांसद, विधायक निधि से स्वीकृत कार्य प्रारंभ कराएं तथा चल रहे कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं।



### निर्माण कार्यों का सतत् मानिटरिंग करने दिए निर्देश

उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत स्वीकृत सामाजिक भवनों के प्रगति की जानकारी ली एवं अप्रारंभ कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही मोहारा मेला स्थल सौंदर्यीकरण की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं से कहा कि अपने-अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यों की सतत मानिटरिंग करें और स्वीकृत कार्य जल्द प्रारंभ कराएं। बैठक में सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व पिंकी खाती, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित उप अभियंतागण तथा विभागीय लिपिक उपस्थित थे।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि जिन कार्यों की निविदा जारी नहीं हुई है, उनकी जल्द निविदा जारी करें, शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें, ताकि शेष कार्यों के लिए राशि आबंटित हो सके। उन्होंने राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत चल रहे मुक्तिधाम, उद्यान, तालाब सौंदर्यीकरण तथा चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाकर पूर्ण करने एवं शेष वार्डों के कार्य के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाला निर्माण के संबंध में जानकारी लेकर जहां नाला निर्माण चालू नहीं हुआ है, संबंधित ठेकेदार से संपर्क कर काम चालू कराने निर्देशित किया।

# छग वन कर्मचारी संघ ने पूर्व सीएम को सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से छत्तीसगढ़ लघु वन उपज मर्यादित नियमित पदस्थापना स्वीकृत उपवन क्षेत्रपाल के 180 प्रतिनियुक्ति के पदों का संविदा भर्ती के विरोध में ज्ञापन सौंपकर कड़ा विरोध किया गया। डॉ. सिंह द्वारा विषय की सारगर्भित को समझते कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

छग वन कर्मचारी संघ रायपुर द्वारा पूर्व में प्रांत अध्यक्ष मूलचंद शर्मा, संरक्षक सतीश मिश्रा, फैयाज खान, एचपी शास्त्री, महामंत्री रामकृष्ण साहू, संतोष सावंत राय ने प्रदेश में ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज किया था। इसी के साथ आज छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ द्वारा ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन एवं भर्ती निरस्त करने की मांग की गई। उक्त ज्ञापन संभाग अध्यक्ष विनोद मिश्रा, जिला अध्यक्ष अजीत दुबे के नेतृत्व में सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश पदाधिकारी मुक्तेश्वर वर्मा, कम खान, नवीन तिवारी, आजाद राय, कमलेश जांगड़े, मनीष यादव, भूषण कौशिक, अविनाश साहू, अनिल रामटेक, पवन देवांगन, सुरेश श्रीवास, दिलीप चंदेल, रविशंकर अग्निहोत्री, तेजराम सिंह, रामसिंह साहू, भावदास साहू, सुभाष साहू, दिलीप देवांगन आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ओपीएस व एनपीएस विकल्प अपलोड करने की अंतिम तिथि 29 तक

**राजनांदगांव।** संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि नवा रायपुर द्वारा कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस व एनपीएस विकल्प अपलोड करने के लिए 29 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में तकनीकी समस्या के निराकरण एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय जिला कोषालय राजनांदगांव में संपर्क किया जा सकता है।

# 22 जनवरी को सनसिटी में मनेगी दिवाली

**राजनांदगांव।** नगर के सनसिटी में अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में अपने समाज के घर-घर तक 22 जनवरी को फिर से दीपावली मनाने का आह्वान किया। सन सिटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के साथ सोसायटी के सभी बंधु-भगिनी उपस्थित थे। समाज की बैठक का संचालन हरीश गांधी ने किया।



रामकाज का न्यौता लेकर आए भक्तों के सामने सनसिटी के बच्चों ने सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिसके बाद प्रशांत सोनी ने पूरे कार्यक्रम की कल्पना सनसिटी के रहवासियों के सामने रखी। जिसके उपरांत 1000 से अधिक लोगों तक गृह संपर्क की रचना-योजना तैयार की गई। बैठक में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान के जिला संयोजक नीरज बाजपेयी के साथ विभाग के सामाजिक समरसता प्रमुख विष्णु साव, भावेश पटेल, सागर तिवारी एवं अंकित खंडेलवाल उपस्थित थे।

# छग के ऐतिहासिक धरोहर व पर्यटन स्थल विशेष कोर्स

- पाठ्यक्रम के लिए 46 छात्र हुए पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में इतिहास विभाग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में ''छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक धरोहर एवं पर्यटन स्थल'' विषय पर डॉ. फुलसो राजेश पटेल द्वारा 12 से 31 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ के महत्व को ध्यान में करते रखते 30 घंटे का कोर्स प्रारंभ किया गया है।

पाठ्यक्रम संचालन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की महत्व को ध्यान में रखते महत्वपूर्ण सिलेबस तैयार किया गया है। प्रत्येक अध्याय को विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर व्याख्यान कराया जाता है। विद्यार्थियों के लिए विषय स्नातक उपाधि के उपरांत स्वरोजगार प्राप्ति तथा प्रतियोगिता परीक्षा की दृष्टि से अत्याधिक उपयोगी एवं महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम है।

प्रथम दिवस 'छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक धरोहर एवं पर्यटन' कार्यक्रम प्रारंभ के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में 12 दिसंबर को दिग्विजय कॉलेज के डॉ. शैलेन्द्र सिंह आमंत्रित थे। प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने स्वागत उद्बोधन करते कहा कि संबंधित पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ के 'ऐतिहासिक धरोहर एवं पर्यटन स्थल' विषय पर आयोजित यह पाठ्यक्रम कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जानने का अवर प्राप्त होगा। उनके समान्य ज्ञान में भी वृद्धि होगी, जो प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी है।

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अनेक ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। अतीत से ही छत्तीसगढ़ गौरवशाली एवं समृद्धशाली रहा है। पाषाणकालीन युग से ही इसके इतिहास में साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। रायगढ़ का कबरा पहाड़ तथा बालोद जिले का चितवा डोंगरी का उल्लेख किया है। पाषाणकालीन चित्रकला आज भी प्रमाण स्वरूप उपलब्ध है। यहां की ऐतिहासिक धरोहर सिरपुर, मल्हार ताम्रकाल से लेकर मध्यकाल तक क्रमबद्ध इतिहास प्राप्त हुआ है। दुर्ग स्थित प्राचीन शिव मंदिर, तालागांव में देवरानी-जेठानी मंदिर है, बारसुर गांव में विशाल गणेश मंदिर है, बलरामपुर जिले में डीपाडीह स्थित है। यहां के दर्शनीय स्थलों में सामत झरना, रानी पोखर, चामुंडा मंदिर, पंचायत मंदिर के भव्य अवशेष प्राप्त होते है। कवर्धा जिले में स्थित भोरमदेव का मंदिर फणी नागवंशी राजा गोपाल देव ने 1000 ई. में निर्माण कराया था। डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न भू-भागों में स्थित ऐतिहासिक पुरातात्विक धरोहर के महत्व पर विस्तृत वर्णन किया। इस पाठ्यक्रम में 46 विद्यार्थी पंजीकृत है। मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम में गुणवंता दास खरे, सोमेश्वरी वर्मा, थानेश्वरी देशमुख शामिल हुए।

# भाजपा के वादाखिलाफी से जनता हो रही नाराज

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलजीत सिंह पिंटू ने प्रदेश की विष्णुदेव सरकार पर रंग बदलने का आरोप लगाया है। सरकार ने अपनी पहली ही बैठक में लिए गए निर्णयों से जनता को निराश किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा के मुताबिक प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपए की दर से खरीदने और एकमुश्त भुगतान पर सरकार बनने के बाद चुप्पी साध लिया है। जबकि पहली बैठक में निर्णय किया जाना था, लेकिन सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय नहीं लेने से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने सेफ्टीवेयर में संशोधन नहीं होगा और न ही 3100 की दर से एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था होगी।



पिंटू ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित भाजपा नेताओं ने किसानों का 2 लाख तक कर्जामाफ का वायदा था, किन्तु कैबिनेट में उसके बारे में चर्चा तक नहीं किया गया। किसानों से लिकिंग में कर्जा वसूली बंद कर कर्जमाफी पर तुरंत आदेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव में 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों से फार्म भरवाकर सरकार बनते ही 1000 रुपए प्रतिमाह देने का वायदा किया था, लेकिन कैबिनेट में इस पर भी निर्णय नहीं हुआ। इसी प्रकार 500 रुपए सिलेंडर देने पर भी विचार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पहली ही बैठक में भाजपा की सरकार ने वायदा खिलाफी के लिए जमीन तैयार करना शुरू कर दिया है। चुनाव के पहले सरकार बनते ही मोदी की गारंटी लागू करने का वायदा किया था, अब कह रहे पांच साल में गारंटी लागू करेंगे। कोई सरकार 24 घंटे में ही अपने वायदे से मुकर जाएगी, इसका बड़ा उदाहरण भाजपा की सरकार ने पेश किया।

# एकता, सोनाली व रिमझिम को स्वर्ण व रजत पदक

**राजनांदगांव।** दिग्विजय महाविद्यालय की छात्राओं एकता बंजारे, सोनाली साहू व रिमझिम मैगी ने कोलकाता में आयोजित कोलकाता अस्मिता खेलो इंडिया सब जूनियर, जूनियर व सीनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिता (वेट लिफ्टिंग) में शानदार प्रदर्शन करते तीन स्वर्ण व दो रजत पदक प्राप्त किया। एकता बंजारे ने 71 किग्रा जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। सोनाली साहू 64 किग्रा सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। रिमझिम मैगी ने 87 किग्रा जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक व सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। विद्यार्थीयों की इस सफलता के लिए दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने क्रीडाधिकारी अरूण चौधरी, एकता बंजारे, सोनाली साहू व रिमझिम मैगी को शुभकामनाएं दी।



# साय के सीएम बनने पर फेडरेशन ने जताई खुशी



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल, बृजभान सिन्हा, सीएल चंद्रवंशी, वीरेंद्र रंगारी, सोहन निषाद, अब्दुल कलीम खान, मुकेश शुक्ला, भूषण साव, स्वाति वर्मा, नवीन कुमार पांडे, उत्तम डड़सेना, देवचंद बंजारे, शिवप्रसाद जोशी, खोमलाल वर्मा, हेमंत पांडे, लीलाधर सेन, पुष्पेंद्र साहू, संजीव मिश्रा, हेमंत दोदिलकर, संगीता ब्यौहरे, अभिषिक्ता फंदियाल, सुधांशु सिंह, पायल देवांगन, वंदना पानसे, शिरीष कुमार पांडे, रमेश साहू, राजेश शर्मा, नरेश प्रसाद दुबे, रानी ऐश्वर्य सिंह ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर खुशी व्यक्त किया है। उनका कहना है कि अन्य विभागों की तुलना में शिक्षा विभाग का अमला सबसे बड़ा है, लेकिन विभागीय अधिकारियों में निर्णय लेने की इच्छा शक्ति की कमी एवं प्रभारवाद के कारण शिक्षा विभाग की दुर्दशा है। पदीय वरिष्ठ व्यक्ति, कनिष्ठ के अधीन काम कर रहे हैं, जो कि विभागीय भर्ती पदोन्नति नियम-2019 का उल्लघंन है। नियमों में किए गए संशोधनों की समीक्षा किया जाना चाहिए।

प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने पर फेडरेशन की ओर से बधाई दी। साथ ही लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से देने की मांग की।

# नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों का सम्मान

- कार्यकर्ताओं की बदौलत जिले में कांग्रेस का वर्चस्व कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिसंबर को जीई रोड स्थित सतनाम भवन में अविभाजित राजनांदगांव के कांग्रेस विधायकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय सतनाम भवन में राजनांदगांव कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भारत यात्री हिमानी वासनिक द्वारा राज्यगीत अरपा पैरी के धार गीत से समारोह का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित विधायकों को फूल-मालाओं से कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल व खैरागढ़ विधायक यशोदा पितांबर वर्मा को जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा शॉल श्रीफल, कांग्रेस का गमछा पहनाकर सम्मानित किया।

स्वागत भाषण देते जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि कांग्रेस संगठन के सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ चुनाव लड़ी और जिले में अच्छा माहौल बनाया। जिसकी बदौलत जिले में 5 विधायक हमारी है। शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि राजनांदगांव हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है। जिले के 6 विधानसभा में से 5 में कांग्रेस ने अपना कब्जा जमाया है।

इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम सिंह कोठारी, पूर्व विधायक प्रकाश यादव, महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, अंगेश्वर देशमुख, पंकज बाधव, महेन्द्र यादव, मोती साहू, सुदेश देशमुख, कमलजीत सिंह पिन्टू, रूपेश दुबे आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस के पक्ष में रहा माहौल

डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कांग्रेस के एक-एक सिपाही ने किया है। जिसका अच्छा परिणाम रहा कि अविभजित राजनांदगांव जिले में पांच विधानसभा सीट कांग्रेस के पक्ष में रहा है। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अटूट मेहनत से पहली बार विधायक बनी हूं। कांग्रेस के वरिष्ठजनों से लेकर एक-एक कार्यकर्ताओं की ऋणी हूं।

### योजनाओं का दिखा असर

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि कांग्रेस गरीबों, मजदूरों व किसानों की सरकार है। आज छत्तीसगढ़ में खेतों का रकबा बढ़ा है, किसानी बढ़ी है तो उसका श्रेय कांग्रेस सरकार एवं उनकी जनहितकारी योजनाओं को जाता है। इसी तरह महिलाओं को समृद्ध बढ़ाने में कांग्रेस सरकार की योजनाओं ने अग्रणी भूमिका निभाई है। खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा ने जीत का श्रेय कांग्रेस सरकार की योजनाओं व कार्यकर्ताओं की मेहनत को देते कहा कि यह जीत मेरी नहीं कार्यकर्ताओं की जीत है।

## इतिहास विभाग में इतिहास दर्शन पर व्याख्यान



राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग में इतिहास दर्शन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रारंभ में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने व्याख्यान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और कहा कि इतिहास दर्शन का उद्देश्य स्वयं का चिंतन विश्व इतिहास तथा इतिहास के सामान्य नियमों से है। इसे इतिहास दर्शन की संज्ञा दी जा सकती है। मुख्य वक्ता डॉ. आशा चौधरी शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ ने इतिहास दर्शन पर प्रकाश डालते कहा कि इतिहास घटनाओं में से एक घटना मात्र को देखता है। जबकि दर्शन इतिहास के प्रामाण्य अर्थ और वास्तविकता को निश्चित करने का दावा करता है। इतिहास के प्रामाण्य का प्रश्न नहीं उठता, जो सफल होता है उसी का इतिहास होता है। इतिहास में मार्क्स का महत्व लेनिन और स्टालिन के कारण है अन्यथा मार्क्स का पता केवल सामाजिक विज्ञान तक ही सीमित रहता। परिणाम स्वरूप इतिहास दर्शन का अभिप्राय अतित कालीन घटना के निहित मानसिक प्रक्रिया अथवा विचार को वर्तमान और भविष्य में प्रतिरोधित करना मात्र होता है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर तथा आभार डॉ. हेमलता साहू द्वारा किया गया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

हरिभूमि
22nd Anniversary
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...
एवं उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं
तरूण लहरवानी
अध्यक्ष, दक्षिण मंडल
भाजपा, राजनांदगांव

हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
अशोका आई.टी.आई.
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
अशोका डिग्री कॉलेज
B.A. | B.COM | PGDCA
अशोका इंजीनियरिंग कॉलेज
बी.टेक मैकेनिकल | कम्प्यूटर साइंस | इलेक्ट्रीकल | सिविल | इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन
8319493983, 7000629783, 8602502398
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी.ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...
एवं उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं
अनिल गुप्ता
भाजपा नेता

हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...
एवं उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं
रमेश खण्डेलवाल
वरिष्ठ कांग्रेस नेता, राजनांदगांव

हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...
एवं उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं
सुरेश एच. लाल
वरिष्ठ भाजपा नेता
राजनांदगांव

3rd Mini Draw 17th Dec
छत्तीसगढ़ में पहली बार!
10 CRORE* से अधिक के उपहार
तीसरा मिनी ड्रॉ में...
TATA NEXON SMART CAR
कौन जीतेगा ?
1st Prize WINNER
खुलने वाला है खजाने का तीसरा ताला।
कल 17 दिसम्बर को होगा तीसरा मिनी ड्रॉ।
ड्रॉ स्थान
शुभम के मार्ट
डुमरतराई, रायपुर
समय - सुबह 11 बजे
कूपन धारक ग्राहक सादर आमंत्रित हैं
सुमीत ग्रुप की ओर से हरिभूमि के 22वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें
Shubham K Mart
सुमीत बाजार
हम गढ़ते है विश्वास SUMEET JEWELLERS
अधिक जानकारी के लिए हमारे नजदीकी शोरुम में आज ही पधारिये
*condition apply
OberoiIBC


धर्म ध्वज रक्षक
हिन्दु हृदय सम्राट
विजय भैया
उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
के प्रथम कवर्धा नगर आगमन पर
शत्-शत् अभिनंदन
उमंग पाण्डेय
नेता प्रतिपक्ष वार्ड नं.3 पार्षद न.पा.प.
प्रदेश कार्यसमिति भाजयुमो छ.ग.
धनराज उपाध्याय
कवर्धा


माननीय विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन के
प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक स्वागत...वंदन...अभिनंदन...
मा. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री
छ.ग.शासन
मा. भावना बोहरा
विधायक पंडरिया
गणेश तिवारी
विनीत- गणेश तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा किसान मोर्चा, छ.ग.



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार, 16 दिसंबर, 2023



## डॉ. रमन ने कहाः नांदगांव को संभाग बनाने होगी पहल

# शराबबंदी की दिशा में आगे बढ़ेगा राज्य पीएससी घोटाले की शीघ्र शुरू होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह ने आज यहां कहा कि सत्ता परिवर्तन के साथ ही प्रदेश अब शराबबंदी की दिशा में आगे बढ़ेगा और सट्टा, जुआ, अपराध और नक्सलवाद के खिलाफ राज्य सरकार तगड़ी रणनीति तैयार करेगी। डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ताजपोशी के साथ ही प्रदेश अब सुशासन की राह में अग्रसर होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि नांदगांव को संभाग बनाने की दिशा में भी पहल की जाएगी।

रिकार्ड मतों के साथ जीत के बाद पहली बार अपने निर्वाचन क्षेत्र आए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि छग की जनता ने निरंकुश कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंककर भाजपा को राज्य की बागडोर सौंपी है। जनता ने जिन उम्मीदों के साथ हमें यह मौका दिया है, हम मोदी की गारंटी के साथ उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि 15 साल के कार्यकाल के दौरान शराब दुकानों को बंद कर प्रदेश शराबबंदी की राह में बढ़ा था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने हर गांव में कोचियों के जरिये शराब मुहैया कराई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के आते ही अब राज्य एक बार फिर शराबबंदी की दिशा में आगे बढ़ेगा। पीएससी घोटाले पर पूर्व सीएम डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी पहली केबिनेट में इसका निर्णय ले लिया है और शीघ्र ही जांच शुरू कर दी जाएगी।

**पूर्व सीएम ने कहा:** विकास एवं उन्नति का मार्ग फिर से खुल गया है, इसमें कोई कमी आने वाले समय में नहीं रहेगी, यह उनका वचन है। आभार रैली की अगुवाई भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ता बाईक रैली करते आगे चल रहे थे। मार्ग में महाकाल परिवार द्वारा 50 से अधिक ढोल-नगाड़े बजाते पवन डागा के नेतृत्व में डॉ. सिंह का स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, सुरेश एच. लाल, अशोक चौधरी, सचिन बघेल, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, राजेश श्यामकर, भावेश बैद, शिव वर्मा, सावन वर्मा, किशनु यदु, प्रखर श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।



### बोरे में भरकर लाए गए थे नोट

डॉ. सिंह ने कहा कि विस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने नांदगांव की जनता को खरीदने के लिए बोरों में भरकर नोट लाए थे, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि नांदगांव की जनता को कोई खरीद नहीं सकता। इस चुनाव में गरीब, किसान, व्यापारियों के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है।

### घोषणा पत्र का होगा क्रियान्वयन

पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय ने भाजपा के घोषणा पत्र को क्रियान्वयन के लिए सीएस को सौंप दिया है। पहली कैबिनेट में 18 लाख मकानों के निर्माण, किसानों को दो साल का बोनस 25 दिसंबर को दिए जाने का निर्णय भी ले लिया है। किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए में की जाएगी। महतारी वंदन योजना का भी क्रियान्वयन शीघ्र शुरू होगा।

### नांदगांव की जनता ने बनाया विस अध्यक्ष

*पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें राज्य का विधानसभा अध्यक्ष बनने कहा है। वे इसका पूरा श्रेय राजनांदगांव की जनता को देते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनता ने उन्हें रिकार्ड तोड़ मतों से विस में भेजा है। विधानसभा अध्यक्ष के पद पर रहते वे नांदगांव के सर्वांगीण विकास की दिशा में पहल करेंगे।*

# रोड शो में पुष्प वर्षा, डॉ. रमन ने जनता का जताया आभार

राजनांदगांव। भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक डॉ. रमन सिंह का ऐतिहासिक मतों से विजयी होने के पश्चात प्रथम शहर आगमन पर क्षेत्र की जनता ने अभूतपूर्व स्वागत किया। रोड-शो के पूरे मार्ग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह के विशाल एवं आकर्षक कटआउट एवं फ्लैक्स, भाजपा के झंडे-तोरण, गुब्बारों के माध्यम से खूबसुरत तरीके से सजाया गया था। रोड-शो के दौरान सड़क के दोनों ओर आम जनता की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। माताएं-बहनें एवं बच्चे घर के छज्जों एवं छतों से हाथ हिला-हिलाकर व फूल बरसाकर डॉ. रमन सिंह के कारवां का अभिनंदन-स्वागत कर रही थी। डॉ. रमन सिंह भाजपा कार्यालय पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। नारेबाजी के साथ आतिशबाजी की गई। इसके बाद डॉ. रमन सिंह विशाल रैली के साथ परशुराम चौक पहुंचे, फिर मठपारा होते लखोली नाका पहुंचने पर भारी भीड़ ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। यहां वे फूलों व भाजपा के झंडों से सजी खुली गाड़ी में सवार हुए। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता भी उपस्थित रहे।





डॉ रमन ने कहा पिछले पांच वर्षों में क्षेत्र में ठप्प पड़े विकास कार्य को प्रारंभ कर शीघ्र पूरा किया जाएगा। पार्टी के आदेश पर अब वे आगे एक नए अवतार के रूप में विधानसभा अध्यक्ष के नाते सेवा करेंगे।

**पुष्पवर्षा कर किया अभिनंदन :** आभार रैली गंज चौक पहुंचा तो वहां आम जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जबर्दस्त स्वागत किया। गंज चौक में डॉ. रमन सिंह ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में अपनी विजय के लिए आम जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। जुलूस में हजारों कार्यकर्ता वाहनों एवं पैदल चल रहे थे। रैली के आगे-आगे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता वाहनों में नारेबाजी करते बढ़ रहे थे। रैली गंज लाइन, तिरंगा चौक, भारतमाता चौक, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक में स्वागत मंच बनाकर नागरिकों, व्यापारिक संगठनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस में उपस्थित सभी का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया। मानव मंदिर चौक में आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात जुलूस अपने अंतिम पड़ाव गुरूद्वारा चौक की ओर आगे बढ़ गया।
















**खबर संक्षेप**



## गुड़ फैक्ट्री में गन्ना फसल खरीदी जोरों पर

**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गुड फैक्ट्री में ग्रामीण किसान अपनी हरा सोना गन्ना फसल की कटाई-छटाई कर गुड फैक्ट्री ले जाकर बेच रहे हैं और नगद राशि प्राप्त कर रहे है। जिससे किसानों को आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। गांव-गांव गुड फैक्ट्री संचालित किए जाने से किसानों को राहत मिल रही है। जिसमें तिरूपति बालाजी गुड उद्योग हरिनछपरा, नाऊडीह में आसपास क्षेत्र के किसान अपनी गन्ना फसल गुड़ उद्योग में बचने किसानों की संख्या उमड़ रही है। वहीं किसान से गन्ना फसल खरीदी 340 रुपए क्विंटल से खरीदी की जा रही है गुड फैक्ट्री उद्योग में अपनी फसल बचने पहुंच रहें है।

# श्री योग वेदांत सेवा समिति ने कंबल वितरण कर चलाया नशा मुक्ति अभियान

## वनांचलवासियों को जीवनोपयोगी सामान वितरण की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

श्री योग वेदांत सेवा समिति कवर्धा के सदस्यों द्वारा प्रतिवर्षनुसार की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत चिल्फीघाटी से 20-25 किलोमीटर दूर सुंदूर वनांचल क्षेत्र में आदिवासी गरीब, मजदूर परिवार के बीच भोजन-भंडारा, कंबल, चप्पल, खजूर सहित जीवनोपयोगी वस्तुएं वितरण किया गया। संत आशारामजी बापू की पावन सद्प्रेरणा से संचालित समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के खिचराही, महलीघाट, पटपरपानी, कबरीपथरा, संभूपीपर आदिवासी परिवारों को चिन्हांकित कर ग्राम संभूपीपर में आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में वितरण किया गया।

वहीं श्रीयोग वेदांत सेवा समिति द्वारा गरीब आदिवासी परिवारों में नशा के प्रति जन-जागरूक करते हुए नशा करने वाले व्यक्ति एवं उनके आने वाले पीढ़ी को होने वाले नुकसानों से अवगत करते हुए उनसे बचने के उपाय बताने के साथ ही उन्हें नशें से सावधान सत्साहित्य का भी वितरण किया गया। वहीं तीन दिवसीय विद्यार्थी शिविर में बच्चों एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शीतकालीन अवकाश में 25, 26 व 27 दिसंबर को तीन दिवसीय विद्यार्थी शिविर का आयोजन भोरमदेव आश्रम में किया जाएगा। जिसमें जिले के लगभग सैकड़ों बच्चे लाभान्वित होंगे। साथ ही महिला उत्थान मंडल द्वारा प्रसादी वितरण का आयोजन जिसमें कवर्धा के हृदय स्थल कहे जाने वाले सिंग्नल चौक में अमावस्या के पावन अवसर पर महिला उत्थान मंडल की बहनों के द्वारा हलवा प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया था।

### 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस का भव्य आयोजन



श्री योग वेदांत सेवा समिति कवर्धा द्वारा पूज्य संत आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से सन 2014 से 25 दिसंबर को तुलसी पूजन दिवस मनाना प्रारंभ हुआ था। जो कि आज एक विश्वव्यापी अभियान हो चुका है, जिले में अब तक 30 गांव में तुलसी पूजन दिवस का आयोजन हो चुका है। 25 दिसंबर तक जिले में 200 गांवों में पूजन करने का लक्ष्य युवा सेवा संघ, बाल संस्कार, महिला उत्थान मंडल एवं श्री योग वेदांत सेवा समिति के सदस्यों द्वारा किया जाएगा।

## समर्थन मूल्य की राशि निर्धारित नहीं होने से किसान चिंतित

**हरिभूमि कोलेगोंव।** पूरे प्रदेश के किसानों को धान खरीदी समर्थन मूल्य के राशि निर्धारित नही के कारण चिंतित व कैबिनेट मंत्री फैसला का इंतजार करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के चुनाव घोषणा समिति के अध्यक्ष भाजपा के घोषणा पत्र में 31 सौ में धान खरीदने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक धान का समर्थन मूल्य में किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसानों में चिंता का विषय बना हुआ है। क्योंकि इस बार 31 सौ में खरीदेगी या नहीं जिसका किसान इंतजार साथ ही साथ प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी को देखकर किसान भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से विजयी प्राप्त किया, भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री से कैबिनेट की फैसला के इंतजार किसानों को है कब मोहर लगा रहा है कि 31 सौ में धान खरीदी का समर्थन मूल्य को लेकर चिंतित व परेशान है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8085076969

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय तांत्रिक सम्राट)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वश में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से
23 दिसंबर से 02 जनवरी 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, राम लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133




जन-जन के विश्वास में जीने वाले
जन नायक भाई विजय शर्मा जी
के ऐतिहासिक जन विजय पर
और उपमुख्यमंत्री बनने पर
हार्दिक शुभकामनाएं...
ठा. पोखराज परिहार
विधिवेत्ता
संजय जी
वित्तवेत्ता
सत्य प्रकाश सिंह
प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा
विनीत- कवर्धा राष्ट्रवादी जन विचार मंच

KAWA PAGE 15 DECE -13_Layout 1 15/12/2023 23:46 Page 1



**बैठक:** पोंडी, पांडातराई व पंडरिया तक सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता व जांच के लिए दिए-निर्देश

# विधायक का एक्शन मोड, बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कवर्धा में प्रशासनिक अधिकारियों एवं सभी विभागों के अधिकारियों तथा पुलिस प्रशासन अधिकारियों के साथ बैठक कर कई महत्वपूर्ण विषयों पर तत्काल कार्य करने के आवश्यक निर्देश दिए। इनमें प्रमुख रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण सहित हरिनाला निर्माण कार्य, बहुप्रतिक्षित सुतियापाट नहर विस्तारीकरण जल्द प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण व अपूर्ण घरों व लाभार्थियों की सूचि तथा जिनके घर अधुरें हैं उन्हें जल्द से जल्द आवास योजना का लाभ दिलाने के साथ शक्कर कारखाना में शेयर धारकों को हो रही परेशानी को दूर करने के संबंध में चर्चाकर कारखाने की क्षमता बढ़ाने ताकि किसानों को अधिक लाभ मिल सकें व रिक्त पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति करने की भी बात कही जिससे लोगों को रोजगार मिल सकें। इसके साथ ही भावना बोहरा ने अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन को अवैध कारोबार पर नकेल-कसने व जनता के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ जल्द दूर करने की बात भी कही। वहीं रुके हुए विकास कार्यों को भी जल्द से जल्द सुचारू रूप से शुरू करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान भावना बोहरा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए क्षेत्र में व्याप्त अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा जैसे जितने भी अवैध कारोबार हैं उनपर पूर्णतः रोक लगाने और अवैध कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि व्यक्ति किसी भी प्रकार की नशीली चीजों का व्यापार तथा अवैध कारोबार कर रहें हैं उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए और पूरे विधानसभा में कानून व्यवस्था को दुरुस्त कर ऐसे कारोबारों को पूर्ण रूप से बंद करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों को भी जनता के साथ बेहतर सामंजस्य एवं तालमेल बनाने की भी बात कही। ताकि जनता को अपनी शिकायतें प्रशासन तक पहुंचाने में आसानी हो और प्रशासन के लिए उनके मन में जो भी गलत अवधारणा बनी हुई है उसे दूर किया जा सके। वहीं विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने नेशनल हाइवे 30, जिसके तहत पोंडी से पांडातराई एवं पंडरिया तक सड़क निर्माण जो की विगत एक वर्षों से चल रहा उसपर विशेष चर्चा करते हुए कार्य की गुणवत्ता की जांच करने और कार्य की धीमी गति होने के कारण सम्बंधित ठेकेदार पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं और एक सप्ताह के भीतर पूरी जांच रिपोर्ट सौंपने की भी बात कही है। बताते चले कि पंडरिया होते हुए मुंगेली-तखतपुर-बिलासपुर तक टू-लेन सड़क निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा 351.19 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। विगत एक वर्ष में इस निर्माण कार्य की गति बहुत ही धीमी चल रही है वहीं निर्माण कार्य की गुणवत्ता बहुत ही निम्न स्तर की है। निर्माण में उपयोग किए जा रहे निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता स्तरहीन है। इसकी वजह से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांडातराई एवं पंडरिया सहित आस-पास के विधानसभा की आम जनता को अपने दैनिक व रोजमर्रा के कार्यों तथा नौकरी पेशा लोगों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पोंडी से पांडातराई एवं पंडरिया आने वाले लोगों को पोंडी से सारंगपुर, चोरबट्टा एवं मोहगांव, कुण्डा होकर आवागमन करना पड़ रहा है जिससे उन्हें 20 से 30 किलोमीटर अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है, इससे उनके समय व पैसों दोनों व्यय हो रहें हैं। इस दौरान बैठक में उपस्थित अधिकारियों से विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कई विषयों पर चर्चा करते हुए विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए तत्काल इन पर कार्यवाही करने की बात कही साथ ही विधानसभा क्षेत्र में शांति व्यवस्था और कानून व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए भी जोर दिया जिससे क्षेत्र में जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकें।

## हरिनाला निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने कहा




श्रीमती भावना बोहरा ने प्रमुख रूप से पंडरिया में जनता की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जनता को हो रही समस्या को देखते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द हरिनाला निर्माण कार्य को शुरू करने के साथ ही महतारी एक्प्रेस को समय पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने, कुकदूर व वनांचल जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में रात्रिकालीन पुलिस गश्त बढ़ाने तथा विधानसभा में सर्वसुविधा युक्त एक आदर्श अस्पताल एवं आदर्श विद्यालय की स्थापना करने की बात कही। साथ ही सभी विभाग के अधिकारियों को एकजुट होकर और आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने की बात कही जिसका सकारात्मक परिणाम जनता को जमीनी स्तर पर दिखाई दे और उन्हें लाभ मिले।

## सुतियापाट नहर विस्तारीकरण व पड़कीपार-बड़ौदा जलाशय परियोजना कार्य की रुकावटों को करें दूरः भावना बोहरा

पंडरिया विधायक ने विभाग के अधिकारियों को सुतियापाट नहर विस्तारीकरण एवं पड़कीपार-बड़ौदा जलाशय परियोजना के सर्वे स्वीकृति, बांध व नाली निर्माण के कार्य में आई रुकावटों को तत्काल दूर करने एवं उस पर कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए रोक के कारणों के विषय में जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए इस बहुप्रतीक्षित मांग पर कार्य शुरू करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। विदित हो की पूर्व में भाजपा सरकार द्वारा 2017 में बहुप्रतीक्षित परियोजना सुतियापाट जलाशय के ग्राम पिपराटोला से रणवीरपुर तक लेफ्ट बैंक केनाल लगभग 16 किलोमीटर लंबे नहर विस्तारीकरण कार्य हेतु 16.50 करोड़ रुपए राशि की स्वीकृति दी थी परन्तु कांग्रेस सरकार ने इस पर रोक लगा दिया। भावना बोहरा के नेतृत्व में इस परियोजना को शुरू करने के लिए लगातार आंदोलन भी किया गया और उन्होंने अपने निजी घोषणा पत्र में इस परियोजना को शुरू कराने की भी बात कही थी, जिस पर एक्शन मोड में काम करते हुए उन्होंने आज अधिकारियों की बैठक में इस परियोजना को प्राथमिकता के साथ जल्द शुरू करने एवं आ रहे अवरोधों को दूर करने के लिए निर्देशित किया।

# किसानों को गन्ना का 7.20 करोड़ का भुगतान जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा गन्ना फसल किसानों को गन्ना फसल सत्र 2023-24 का गन्ना मूल्य राशि 7.20 करोड़ का भुगतान किया गया, जिसमें भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा गन्ना किसानों को वर्तमान सीजन 2023-24 में कारखाने में 10 दिसम्बर 2023 तक गन्ना विक्रय करने वाले कृषकों को 7.20 करोड़ का भुगतान कर दिया गया है। इस पेराई सत्र में अभी तक 20.43 करोड़ का भुगतान किया गया है, वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 में शुक्रवार को 82765 टन में गन्ना पेराई कर 65123 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है।

वहीं कारखाना प्रबंधन द्वारा कृषकों से अपील की गई कि गन्ना कृषक कारखाने में अपनी परिपक्व फसल को साफ-सुथरा, बिना अगवा बिना जड़ के आपूर्ति करें। ताकि कारखाने में रिकव्हरी प्रतिशत बढ़े जिसका लाभ गन्ना कृषकों को मिल सकें।

# बदहाल अटल चबूतरा के मरम्मत की मांग



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय कवर्धा से लगभग 10 किलो मीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत दौजरी में प्रमुख चौक चौराहों में अटल चबूतरा का निर्माण वर्षों पहले कराया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव व सुधार तथा मरम्मत के कारण अटल चबूतरा जर्जर व बदहाल हो चुका है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि ग्रामवासियों को उठने-बैठने के लिए व लाखों रुपए की लागत से निर्माण कराया गया था जो कि जिम्मेदारों की अनदेखी व देखरेख के अभाव में अटल चबूतरा का प्लास्टर क्षतिग्रस्त हो चुका हैं. ग्रामीणो से मिली जानकारी के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शासनकाल में ग्रामीण कार्य कराया गया वहीं पंचायतो में प्रमुख चौक-चौराहों में अटल चबूतरा निर्माण कराया गया ताकि ग्रामीणों को उठने-बैठने को ध्यान में रखते हुए मरम्मत व सुधार कार्य करने की मांग की गई।







मा. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन)
मा. अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन)
कवर्धा के माटीपुत्र
विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन) के
प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री
(छ.ग. शासन)
मोतीराम चंद्रवंशी
पूर्व संसदीय सचिव
(छ.ग. शासन)


हरिभूमि
22nd Anniversary
रायपुर संस्करण के 22वें
स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनित :-
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा,
जिला कबीरधाम (छ.ग.)


22nd Anniversary
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के
22वें
स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
:: विनित ::
लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक
कारखाना मर्यादित पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)


मा. विजय शर्मा जी
उपमुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मा. श्रीमती भावना बोहरा जी
विधायक पण्डरिया
के प्रथम आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन... स्वागत...
श्री रामकुमार भट्ट
श्रीमती शुशीला भट्ट
श्री रामकृष्ण साहू
श्रीमती टीकेश्वरी जल्लू साहू
श्रीमती सरस्वती रामचरण साहू
श्रीमती सुमीर पुसाम
श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी
श्रीमती समंद सेवाराम कुर्रे
विनीत–जिला पंचायत परिवार, कबीरधाम

## जनसभा: अंचल में ठंड के दिनो में जमकर उतारी जा रही है कच्ची शराब

# कोचियों के माध्यम से गांव गांव बिक रही भट्टी की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

एक ओर जहां स्थानीय शराब भट्ठी की शराब कोचियों के माध्यम से गांव गांव में बेची जा रही हैं, वहीं पूरे अंचल में महुए की शराब का धंधा भी बेखौफ और बेरोकटोक चल रहा है। इस सम्बंध में विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोदवा गोड़ान स्थित देशी शराब दुकान से थोक में शराब ले जाकर गांवों में शराब बेचने का धंधा काफी समय से चल रहा है। बताया जाता है कि इनमें एक दो स्थानीय कोचियों के अलावा दूसरे गाँव के कोचिए भी शामिल हैं जो यहाँ की दारू भट्ठी से शराब की बोतलें लेकर अपने अपने गांवों के पियक्कड़ों को ऊँचे दर पर उपलब्ध कराते हैं। इस धंधे में जहाँ कोचियों की मोटी कमाई हो जाती है वहीं पियक्कड़ों को थोड़ी ज्यादा कीमत चुकाकर घर पहुंच सेवा मिल रही है यही नहीं,शराब दुकान की बिक्री भी अपने निर्धारित लक्ष्य से अधिक हो जाती है और सम्भवतः यही त्रिकोणीय कारण हैं जिससे यह धंधा बिना किसी रोकटोक के चल रहा है। जानकार सूत्रों की मानें तो कोचियों के मारफत यहां की शराब अमरपुर, मदनपुर, बिंझोरी, दुल्लापुर से लेकर किशुनगढ़ के आस पास तक खपाई जाती है।




### नई सरकार से लोगों को उम्मीदें

शराब बंदी से लेकर अवैध शराब का मुद्दा कांग्रेस शासनकाल में भाजपा द्वारा खूब उठाया गया है। लेकिन कांग्रेस की सरकार और उसके नुमाईंदों ने कभी इस विषय में कोई गंभीरता नहीं दिखाई। ऐसे में अब प्रदेश के साथ पंडरिया विधानसभा की सत्ता परिवर्तन के बाद लोगों को उम्मीदें है कि अब भाजपा सीधे महिलाओं और उनके घर परिवार से जुड़े इस गंभीर विषय पर गंभीरता दिखाते हुए क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्यवाही करेगी।

### महुए की शराब का धंधा भी जोरों पर

इस अंचल के गांवों में नशे का व्यापार पूरी तरह पैर पसार चुका है। देशी और कच्ची दारू के अलावा वनांचल की फिजा में दम मारो दम की तर्ज पर चिलम में सुलगते गांजे का निकलता धुआ भी फैल चुका है। यही कारण है कि अंचल की जवानी और बुढ़ापे को कौन कहे बचपन की दिनचर्या में भी नशे की लत शामिल हो चुकी है। बताया जाता है कि इन सभी वैध और अवैध धंधों की जानकारी स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग को भी है। यही नहीं, बल्कि इन धंधों में संलिप्त बंदों और उनके ठिकानों तक की जानकारी भी आम लोगों से ज्यादा इन विभागों के पास रहती है। बावजूद इसके, अगर अंचल में नशे का व्यापार बेआवाज और बेखौफ होकर बदस्तूर चल रहा है, तो समझ लीजिए कि करने वाले और उन्हें रोकने वालों के बीच एक सामंजस्य हो सकता है और जो सामंजस्य से चल रहा है वह अपराध नहीं है। इसके विपरीत इनके सामंजस्य के बीच में खलल डालना और आवाज उठाना सम्भवतः अपराध माना जा सकता है। वैसे भी बहुमत तो नशेड़ियों के साथ है इसीलिए, जो थोड़े बहुत लोग बचे हुए हैं और जो इसे रोकना चाहते है वे यह सब कुछ देख सुनकर भी बोलने व शिकायत करने से डरते हैं।



# सड़क हादसे में बाल-बाल बचे कवर्धा सीएमएचओ मुखर्जी

## बेमेतरा और सिमगा के बीच भीषण सड़क हादसा

- सीएमएचओ मुखर्जी के वाहन के उड़े परखच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला चिकित्सालय कवर्धा में सीएमएचओ के पद में पदस्थ सुजाय मुखर्जी शुक्रवार को सफर के दौरान बेमेतरा और सिमगा के बीच भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। इस भीषण दुर्घटना में जहां श्री मुखर्जी के वाहन के परखच्चे उड़ गए वहीं उन्हें हांथ में मामूली चोटें आई है। जबकि क्षतिग्रस्त वाहन की हालत को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़क हादसा कितनी भीषण और खतरनाक रहा होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री मुखर्जी शुक्रवार की दोपहर में अपने किसी काम से रायपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बेमेतरा और सिमगा के बीच सामने से आ रही एक स्वराज माजदा वाहन से उनके वाहन की सीधी भिड़त हो गई। दोनो तेज रफ्तार वाहनो की जोरदार टक्कर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुजाय मुखर्जी के वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसे श्री मुखर्जी की किस्मत ही कहें की इतने बड़े हादसे के बाद भी वे सुरक्षित बच गए। बताया जाता है कि उनके हांथ में मामुली सी चोट आई है।

### खबर संक्षेप

#### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को किसी घटना विशेष में उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस के लिए राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसके तहत पांच बालक-बालिकाओं को 25 (पच्चीस) हजार रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र सम्मान के रूप में प्रदान किया जायेगा। इस पुरस्कार हेतु वर्ष 2023 के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित हैं। प्रविष्टियाँ अंतिम तिथि दो जनवरी 2024 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रस्तुत की जा सकेगी। राज्य वीरता पुरस्कार हेतु बालक-बालिका की आयु घटना दिनांक को अधिकतम 18 वर्ष तक होनी चाहिए। निर्धारित आवेदन प्रपत्र एवं अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम से कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज आयेंगे कवर्धा, स्वागत की भव्य तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



नव निर्वाचित विधायक विजय शर्मा को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद 16 दिसम्बर शनिवार को वे पहली बार अपने गृह नगर कवर्धा आ रहे हैं।

उनके आगमन को लेकर आमजनो, समर्थकों पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में जिला भाजपा कार्यालय कवर्धा से मिली जानकारी के अनुसार उपमुख्यमंत्री की स्वागत रैली कवर्धा शहर में 3 किलो मीटर लम्बी निकेलगी।

इस विशाल रैली को लेकर मार्ग इस तरह से निर्धारित किए गए है कि कवर्धा शहर के अधिकतम क्षेत्र के नागरिकों से विजय शर्मा रूबरू हो सके। रैली के बाद स्थानीय गांधी मैदान में जनता के प्रति आभार सभा का आयोजन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कवर्धा आगमन पर आयोजित स्वागत रैली एवं सभा के तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में एक बैठक भी आयोजित की गई।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार स्वागत रैली के लिए दोपहर 12 बजे का समय निर्धारित किया गया है। उप मुख्यमंत्री के आगमन पर रायपुर रोड बायपास से युवा मोर्चा द्वारा बाईक रैली निकाली जाएगी। स्थानीय ठाकुर देव चौक में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन स्वागत करेंगे। स्वागत रैली ठाकुर देव चौक, गुरुनानक चौक, ऋषभ देव चौक, एकता चौक, सिग्नल चौक होते हुए गांधी मैदान पहुंचेगी जहां आभार सभा का आयोजन किया जायेगा। कवर्धा सहित पूरे प्रदेश में लोकप्रिय नेता छत्तीसगढ़ के उप मुख्य मंत्री विजय शर्मा के स्वागत में नगर के पार्टी कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त समाज प्रमुख एवं विभिन्न संस्थानों से जुड़े लोगो ने भी अपने स्तर पर स्वागत की तैयारियां की है।

अलग-अलग संगठन के लोग अपने नियत स्थान पर स्वागत करेंगे। रैली में स्वागत के लिए कवर्धा शहर को झंडे बैनर से सजाया जा रहा है। ढोल बाजे के साथ-साथ लड्डू से तौलकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत की तैयारी में जनमानस लगे हुए है। विजय शर्मा को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने से पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। कवर्धा के लिए यह गौरवशाली क्षण है इसमें अधिक से अधिक को स्वस्फूर्त भाग ले रहे है। विजय शर्मा का एतिहासिक स्वागत के लिए हजारों की संख्या में लोगों की पहुचने की संभावना जताई जा हरी है।

# असुरक्षित ढंग से गन्ना परिवहन बन रहा सड़क दुर्घटनाओं का कारण

- ट्रैक्टर ट्राली में नहीं लगाई जा रही रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में संचालित भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना एवं लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना सहित गांव-गांव में संचालित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में गन्ना खरीदी कार्य जोरों पर चल रहा है। जिले भर के गन्ना उत्पादक ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना लादकर इन विक्रय केन्द्रों द्वारा गन्ना का परिवहन किया जा रहा है। लेकिन देखने में आ रहा है कि किसानो द्वारा गन्ना परिवहन के दौरान न सिर्फ यातायाता नियमों की अनदेखी बरती जा रही है बल्कि लापरवाही भी बरती जा रही है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना निर्मित हो रही है। बीते बुधवार को कवर्धा-पोड़ी मार्ग में ऐसी ही लारपावही के चलते एक सड़क दुर्घटना भी सामने आ चुकी है जिसमें दो कार सवार गन्ना से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। यहां बताना लाजिमी होगा कि



कबीरधाम जिला गए गन्ना उत्पादक जिला है और यहां प्रचुर मात्रा में गन्ना का उत्पादन किया जाता है। इन दिनो समूचे जिले में गन्ना पेराई और गन्ना परिवहन का कार्य चल रहा है। जिसके चलते चौबिसों घंटे कवर्धा से पोंड़ी, बोड़ला से कवर्धा, पंडरिया से पोंड़ी सहित अन्य प्रमुख एवं अंदरूनी मार्गों में मार्गों में गन्ना से भरी सैकड़ो ट्रैक्टर ट्राली फर्राटे भरते नजर आ जाएंगी। जिनमें ओवरलोड गन्ना तो भरा ही रहता है साथ ही ट्रैक्टर ट्रालियों में न तो ब्रेक लाईट होती है और न ही ब्रेक लाईट के आभाव में रेडियम पट्टी ही लगी होती है। जिसके चलते विशेषकर रात के समय सड़क में चलते वाली ट्रैक्टर ट्राली पीछे से आने वाले वाहन चालकों को नजर ही नहीं आती और अक्सर ऐसी स्थिति में दुर्घटना हो जाती है। हालांकि प्रशासनिक निर्देशों के बाद गन्ना परिवहन करने वाले कई किसानो द्वारा अपनी ट्रैक्टर ट्राली में रेडियम पट्टी लगाई गई है लेकिन अभी भी कई किसान इसके महत्व को नहीं समझ रहे हैं और असुरक्षित ढंग से ही गन्ना परिवहन कर रहे हैं और दूसरे लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसे में प्रशासन को इसकी सुध लेते हुए गन्ना परिवहन कार्य में लापरवाही बरतने वाले किसानो के खिलाफ कार्यबाही करनी चाहिए और सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें अपनी ट्रैक्टर ट्राली के साईड में तथा विशेष रूप से पीछे रेडियम पट्टी लगाने की समझाईश देनी चाहिए। ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# पंडरिया विधायक भावना की पदयात्रा आभार रैली आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले की पंडरिया विधानसभा से शानदार जीत दर्ज करने के बाद पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा शनिवार को पदयात्रा आभार रैली का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पदयात्रा आभार रैली का शुभारंभ शनिवार को दोपहर 2.00 बजे पंडरिया मण्डल के रैहा कालेज से किया जाएंगा। आभार रैली पंडरिया के हरिनाला, गांधी चौक, महामाया मंदिर, बड़े पुल हनुमान मंदिर, गुरुघासी दास गुरुद्वारा वार्ड तीन गली, गोपी बंद तलाब टेंट हाउस, पुराना बस स्टैंड से होते हुए गांधी चौक पहुंचेगी। इस दौरान



पंडरिया विधायक पदयात्रा करते हुए पंडरिया के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पदयात्रा व्यक्त करेंगी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधानसभा पंडरिया के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के समर्थक शामिल होंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा इस आयोजन की भव्य तैयारियां की गई है।

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार ने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय में सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें विभिन्न प्रकार के समूह गीत, समूह नृत्य, संभाषण, नाटिका एवं कविता पाठ का आयोजन हुआ। केन्द्रीय विद्यालय संगठन का विद्यालय गीत मेरा केंद्रीय विद्यालय एवं भारत का स्वर्णिम गौरव केन्द्रीय विद्यालय लाएगा के द्वारा छात्रों ने सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन के 60 वें स्थापना दिवस पर सभी विद्यार्थियों एवं कर्मियों को शुभकामना देते हुए निरंतर समर्पण भाव से सेवा कार्य में लगे रहने के लिए प्रेरित किया गया। विदित हो कि 15 दिसंबर 1963 को केन्द्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना हुई थी तदुपरांत प्रत्येक वर्ष 15 दिसंबर को स्थापना दिवस का आयोजन होता आ रहा है। इस अवसर पर श्रीमती उपासना जांगड़ा वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षिका के निर्देशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं निपुण भारत आधारित सहायक शिक्षक सामग्री व खिलौने आधारित शिक्षा की भी प्रदर्शनी लगाई गयी एवं प्राथमिक विभाग के समस्त विद्यार्थियों को इससे अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य के कर कमलों से विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा वर्ष 2023 के दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उच्च गुणवत्तायुक्त शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम हेतु शालिक राम तिवारी टीजीटी (हिंदी) को रायपुर संभाग द्वारा प्राप्त रजत प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

### आयोजन....




कवर्धा। केन्द्रीय विद्यालय कवर्धा में आयोजित किया गया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

## पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम विष्णु देव साय वर्चुअल रूप से करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ आज जिले के ग्राम मजगांव से




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए जिले में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कबीरधाम जिले के कवर्धा जनपद पंचायत के ग्राम मजगांव से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभांरभ होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 16 दिसंबर दिन शनिवार को शाम 4.00 बजे वर्चुअल विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ करेंगे। साथ में मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव साय भी कार्यक्रम में दोपहर 3 बजे से वर्चुअल जुड़ेंगे।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा इस कार्यक्रम में शामिल होगे। उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद डिप्टी सीएम का यह उनका प्रथम कबीरधाम जिला आगमन होगा। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि इस दौरान केंद्र सरकार से जलि के लिए प्राप्त आई ई सी वैन को प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल झंडा दिखाकर रवाना किया जाएगा और नागरिकों को संबोधित किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुचाने और छुटे हुए लाभार्थियों की पहचान कर शिविर स्थल में लाभान्वित करने यात्रा का आयोजन हो रहा है।

केंद्र सरकार से प्राप्त होने वाले आई ई सी वैन पंचायत में पहुंचेगी और विभिन्न विभागों द्वारा मिलकर शिविर लगाया जाएगा।शहरी क्षेत्र से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर केंद्र सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत संतृप्तिकरण करने के लिए प्रत्येक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। संकल्प यात्रा कबीरधाम जिले में 16 दिसंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक संचालित किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक नगरी निकाय क्षेत्र एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र हेतु रूट चार्ट तैयार कर दे नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 16 दिसंबर से अभियान की शुरुआत जिले में हो रही है। एक विकासखंड में दो वैन तथा पूरे जिले के लिए आठ वैन शासन से उपलब्ध होगा।

प्रत्येक दिवस 16 ग्राम पंचायतो में शिविरों का आयोजन कर केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लोगों को रूबरू कराया जाएगा।

# ऊर्जा संरक्षण दिवस पर जिले के शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे द्वारा जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय-सीमा की बैठक में 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर ऊर्जा संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। साथ ही ऊर्जा संरक्षण दिवस पर स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर ऊर्जा संरक्षण का संकल्प भी लिया। चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता में ऊर्जा के विभिन्न स्वरूप, पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, जल ऊर्जा एवं हरी-भरी धरती को प्रदर्शित किया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर ऊर्जा पार्क, कवर्धा में स्कूलीय विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण के लिए जागरूकता रैली निकालकर ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान लोगों को भी ऊर्जा संरक्षण के अभियान से जोड़ा गया, जिसके तहत ऊर्जा संरक्षण विषय पर ऊर्जा पार्क, कवर्धा में चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने



विश्व में ऊर्जा संरक्षण की जरूरत का संदेश देते चित्र बनाया। ऊर्जा के विभिन्न स्वरूप पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा, जल ऊर्जा एवं हरी भरी धरती को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र गुप्ता, सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर, सहायक अभियन्ता क्रेडा वैभव दुबे और क्रेडा विभाग के कर्मचारी एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षकायें उपस्थित थे।

## सार समाचार

### अर्जुनी में चक्काजाम मामले में दर्जनभर ग्रामीणों पर मामला दर्ज

**राजनांदगांव।** ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत होने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया था, जिस पर पुलिस ने लगभग दर्जनभर ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गत दिवस ग्राम अर्जुनी मुख्य मार्ग में लापरवाही से भागती ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया था। जिससे मौके पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया था। जिसके चलते दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई थी। वहीं कई वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने लगभग दर्जनभर ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया जौहर

**राजनांदगांव।** जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में रूवातला के विद्यार्थियों ने अपना जौहर दिखाया है।



रूवातला मिडिल स्कूल के विद्यार्थी धनसिंह, हरिशंकर, मयंक और विकास ने रिलेरेस प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी उपलब्धि पर शाला परिवार सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने उन्हें बधाई दी है। मिली जानकारी के अनुसार संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपने संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने जोन स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते अलग-अलग खेलों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संगीता वर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में अच्छी शिक्षा के अलावा शारीरिक श्रम और खेलों का अत्याधिक महत्व है। खेलों के जरिये अनुशासन सीखकर बच्चे अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। स्पर्धा के दौरान प्रधानपाठक लूनकरण वर्मा, आरके साव, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, प्रधान पाठक बंदिश नेमपांडे, राजेश पंचभाई, नीतू वर्मा आदि मौजूद रहे।

### एचआईवी पीड़ितों के हित में विभिन्न नियम व कानून विषय पर व्याख्यान

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एड्स पखवाड़े का आयोजन किया गया।



आयोजन में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एड्स के संबंध में विद्यार्थियों के मध्य जागरूकता फैलाने रंगोली, पोस्टर तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस संबंध में एस. कुमार साहू सिविल हॉस्पिटल खैरागढ़ द्वारा एड्स जागरूकता के विषय पर विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। हेमंत कुमार नंदागौरी सहायक प्राध्यापक (विधि) छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर द्वारा एचआईवी पीड़तिों के हित में विभिन्न नियम व कानून विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। एड्स पखवाड़ा के आयोजन में महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की संयोजक वंदना मिश्रा, एनएसएस प्रभारी संजय सप्तऋषि तथा करुणा रावटे, यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी तथा रेड रिबन क्लब सदस्य डॉ. प्रियंका सिंह, शरद कुमार तिवारी, लकेश्वर सिंहा, मुक्ति वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व सांसद से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल ने 15 दिसंबर को पूर्व सांसद व पूर्व महापौर मधुसूदन यादव से मुलाकात की।



प्रतिनिधि मंडल ने निवेदन किया कि पूर्व मुख्यमंत्री से भेंट कराना सुनिश्चित कर चर्चा में सहयोग करें। पूर्व सांसद श्री यादव ने मुलाकात कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डीएन साहू, प्रांतीय महामंत्री केपी सिंह, जिला महासचिव जीआर देवांगन, कोषाध्यक्ष गैंदलाल देवांगन, जिला उपाध्यक्षगण आरके दुबे, हसीना बेगम खान, पुष्पा सांवकर, प्रांतीय सचिव डीडी पाण्डेय, नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे, केबी कुरैशी आदि उपस्थित थे। यह जानकारी नगर अध्यक्ष बीटी वाल्दे ने दी।

### नेशनल लोक अदालत आज

**राजनांदगांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश आलोक कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार कल 16 दिसंबर 2023 को जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन कर सकते है। संबंधित पक्षों की सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत में सुनाए गए फैसलों की सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसलों जितनी ही अहमियत होती है और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। जिला न्यायाधीश ने जिले के आम लोगों से लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है।



### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आवास-गृहों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार ने न्यायिक कर्मचारियों के लिए पेंड्री में बनाए जा रहे 81 आवास गृह के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने निर्माण स्थल पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी तथा उप-अभियंता से निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति देखकर नाराजगी व्यक्त की और निर्माण कार्य में गुणवत्ता को ध्यान में रखते निर्धारित मानक के अनुरूप शीघ्रातिशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विशेष न्यायाधीश थॉमस एक्का, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) अभिषेक शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश साहू, कोर्ट मैनेजर अजय सोनी, प्रशासनिक अधिकारी सुदीप कुमार नाग, न्यायालय उपाधीक्षक राजेश पाण्डेय तथा सहायक लेखापाल महेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

## महापौर ने ली तकनीकी अधिकारियों की बैठक

# काम शुरू नहीं करने वाले ठेकेदारों को जारी करें नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने गत दिनों अपने कक्ष में तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर सभी अधिकारियों से स्वीकृत कार्य प्रारंभ करने तथा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों में गति लाने निर्देश दिए। बैठक में महापौर श्रीमती देशमुख ने वार्डों के लिए स्वीकृत 10-10 लाख के निर्माण कार्यों की प्रगति के अलावा अन्य कार्यों की जानकारी ली।

कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके एवं कामना सिंह यादव ने अपने-अपने प्रभारित वार्ड के कार्यों की जानकारी देते कहा कि अधिकांश वार्डों में कार्य प्रगति पर है। कुछ वार्डों में कार्य प्रारंभ किया जाना है। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि प्रगतिरत कार्यों में तेजी लाएं एवं अप्रारंभ कार्य तत्काल प्रारंभ करें। ठेकेदारों को सभी कार्य प्रारंभ करने निर्देशित करें, जो ठेकेदार लंबे समय से काम चालू नहीं कर रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी करें तथा 3 दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ करावें। डामरीकरण एवं पेंचवर्क के शेष कार्य प्रारंभ करें। महापौर एवं पार्षद निधि तथा सांसद, विधायक निधि से स्वीकृत कार्य प्रारंभ कराएं तथा चल रहे कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराएं।



### निर्माण कार्यों का सतत् मानिटरिंग करने दिए निर्देश

उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत स्वीकृत सामाजिक भवनों के प्रगति की जानकारी ली एवं अप्रारंभ कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही मोहारा मेला स्थल सौंदर्यीकरण की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं से कहा कि अपने-अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यों की सतत मानिटरिंग करें और स्वीकृत कार्य जल्द प्रारंभ कराएं। बैठक में सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम व पिंकी खाती, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित उप अभियंतागण तथा विभागीय लिपिक उपस्थित थे।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि जिन कार्यों की निविदा जारी नहीं हुई है, उनकी जल्द निविदा जारी करें, शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें, ताकि शेष कार्यों के लिए राशि आबंटित हो सके। उन्होंने राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत चल रहे मुक्तिधाम, उद्यान, तालाब सौंदर्यीकरण तथा चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाकर पूर्ण करने एवं शेष वार्डों के कार्य के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाला निर्माण के संबंध में जानकारी लेकर जहां नाला निर्माण चालू नहीं हुआ है, संबंधित ठेकेदार से संपर्क कर काम चालू कराने निर्देशित किया।

# छग वन कर्मचारी संघ ने पूर्व सीएम को सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से छत्तीसगढ़ लघु वन उपज मर्यादित नियमित पदस्थापना स्वीकृत उपवन क्षेत्रपाल के 180 प्रतिनियुक्ति के पदों का संविदा भर्ती के विरोध में ज्ञापन सौंपकर कड़ा विरोध किया गया। डॉ. सिंह द्वारा विषय की सारगर्भित को समझते कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

छग वन कर्मचारी संघ रायपुर द्वारा पूर्व में प्रांत अध्यक्ष मूलचंद शर्मा, संरक्षक सतीश मिश्रा, फैयाज खान, एचपी शास्त्री, महामंत्री रामकृष्ण साहू, संतोष सावंत राय ने प्रदेश में ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज किया था। इसी के साथ आज छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ द्वारा ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन एवं भर्ती निरस्त करने की मांग की गई। उक्त ज्ञापन संभाग अध्यक्ष विनोद मिश्रा, जिला अध्यक्ष अजीत दुबे के नेतृत्व में सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश पदाधिकारी मुक्तेश्वर वर्मा, कम खान, नवीन तिवारी, आजाद राय, कमलेश जांगड़े, मनीष यादव, भूषण कौशिक, अविनाश साहू, अनिल रामटेक, पवन देवांगन, सुरेश श्रीवास, दिलीप चंदेल, रविशंकर अग्निहोत्री, तेजराम सिंह, रामसिंह साहू, भावदास साहू, सुभाष साहू, दिलीप देवांगन आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ओपीएस व एनपीएस विकल्प अपलोड करने की अंतिम तिथि 29 तक

**राजनांदगांव।** संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि नवा रायपुर द्वारा कार्मिक संपदा पोर्टल में ओपीएस व एनपीएस विकल्प अपलोड करने के लिए 29 दिसंबर तक निर्धारित की गई है। इस संबंध में तकनीकी समस्या के निराकरण एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय जिला कोषालय राजनांदगांव में संपर्क किया जा सकता है।

# 22 जनवरी को सनसिटी में मनेगी दिवाली

**राजनांदगांव।** नगर के सनसिटी में अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में अपने समाज के घर-घर तक 22 जनवरी को फिर से दीपावली मनाने का आह्वान किया। सन सिटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के साथ सोसायटी के सभी बंधु-भगिनी उपस्थित थे। समाज की बैठक का संचालन हरीश गांधी ने किया।



रामकाज का न्यौता लेकर आए भक्तों के सामने सनसिटी के बच्चों ने सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिसके बाद प्रशांत सोनी ने पूरे कार्यक्रम की कल्पना सनसिटी के रहवासियों के सामने रखी। जिसके उपरांत 1000 से अधिक लोगों तक गृह संपर्क की रचना-योजना तैयार की गई। बैठक में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान के जिला संयोजक नीरज बाजपेयी के साथ विभाग के सामाजिक समरसता प्रमुख विष्णु साव, भावेश पटेल, सागर तिवारी एवं अंकित खंडेलवाल उपस्थित थे।

# छग के ऐतिहासिक धरोहर व पर्यटन स्थल विशेष कोर्स

- पाठ्यक्रम के लिए 46 छात्र हुए पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में इतिहास विभाग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में ''छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक धरोहर एवं पर्यटन स्थल'' विषय पर डॉ. फुलसो राजेश पटेल द्वारा 12 से 31 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ के महत्व को ध्यान में करते रखते 30 घंटे का कोर्स प्रारंभ किया गया है।

पाठ्यक्रम संचालन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की महत्व को ध्यान में रखते महत्वपूर्ण सिलेबस तैयार किया गया है। प्रत्येक अध्याय को विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर व्याख्यान कराया जाता है। विद्यार्थियों के लिए विषय स्नातक उपाधि के उपरांत स्वरोजगार प्राप्ति तथा प्रतियोगिता परीक्षा की दृष्टि से अत्याधिक उपयोगी एवं महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम है।

प्रथम दिवस 'छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक धरोहर एवं पर्यटन' कार्यक्रम प्रारंभ के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में 12 दिसंबर को दिग्विजय कॉलेज के डॉ. शैलेन्द्र सिंह आमंत्रित थे। प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने स्वागत उद्बोधन करते कहा कि संबंधित पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ के 'ऐतिहासिक धरोहर एवं पर्यटन स्थल' विषय पर आयोजित यह पाठ्यक्रम कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति को जानने का अवर प्राप्त होगा। उनके समान्य ज्ञान में भी वृद्धि होगी, जो प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी है।

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अनेक ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। अतीत से ही छत्तीसगढ़ गौरवशाली एवं समृद्धशाली रहा है। पाषाणकालीन युग से ही इसके इतिहास में साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। रायगढ़ का कबरा पहाड़ तथा बालोद जिले का चितवा डोंगरी का उल्लेख किया है। पाषाणकालीन चित्रकला आज भी प्रमाण स्वरूप उपलब्ध है। यहां की ऐतिहासिक धरोहर सिरपुर, मल्हार ताम्रकाल से लेकर मध्यकाल तक क्रमबद्ध इतिहास प्राप्त हुआ है। दुर्ग स्थित प्राचीन शिव मंदिर, तालागांव में देवरानी-जेठानी मंदिर है, बारसुर गांव में विशाल गणेश मंदिर है, बलरामपुर जिले में डीपाडीह स्थित है। यहां के दर्शनीय स्थलों में सामत झरना, रानी पोखर, चामुंडा मंदिर, पंचायत मंदिर के भव्य अवशेष प्राप्त होते है। कवर्धा जिले में स्थित भोरमदेव का मंदिर फणी नागवंशी राजा गोपाल देव ने 1000 ई. में निर्माण कराया था। डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न भू-भागों में स्थित ऐतिहासिक पुरातात्विक धरोहर के महत्व पर विस्तृत वर्णन किया। इस पाठ्यक्रम में 46 विद्यार्थी पंजीकृत है। मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम में गुणवंता दास खरे, सोमेश्वरी वर्मा, थानेश्वरी देशमुख शामिल हुए।

# भाजपा के वादाखिलाफी से जनता हो रही नाराज

**राजनांदगांव।** जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कमलजीत सिंह पिंटू ने प्रदेश की विष्णुदेव सरकार पर रंग बदलने का आरोप लगाया है। सरकार ने अपनी पहली ही बैठक में लिए गए निर्णयों से जनता को निराश किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा के मुताबिक प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपए की दर से खरीदने और एकमुश्त भुगतान पर सरकार बनने के बाद चुप्पी साध लिया है। जबकि पहली बैठक में निर्णय किया जाना था, लेकिन सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय नहीं लेने से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने सेफ्टीवेयर में संशोधन नहीं होगा और न ही 3100 की दर से एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था होगी।



पिंटू ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित भाजपा नेताओं ने किसानों का 2 लाख तक कर्जामाफ का वायदा था, किन्तु कैबिनेट में उसके बारे में चर्चा तक नहीं किया गया। किसानों से लिकिंग में कर्जा वसूली बंद कर कर्जमाफी पर तुरंत आदेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव में 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों से फार्म भरवाकर सरकार बनते ही 1000 रुपए प्रतिमाह देने का वायदा किया था, लेकिन कैबिनेट में इस पर भी निर्णय नहीं हुआ। इसी प्रकार 500 रुपए सिलेंडर देने पर भी विचार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पहली ही बैठक में भाजपा की सरकार ने वायदा खिलाफी के लिए जमीन तैयार करना शुरू कर दिया है। चुनाव के पहले सरकार बनते ही मोदी की गारंटी लागू करने का वायदा किया था, अब कह रहे पांच साल में गारंटी लागू करेंगे। कोई सरकार 24 घंटे में ही अपने वायदे से मुकर जाएगी, इसका बड़ा उदाहरण भाजपा की सरकार ने पेश किया।

# एकता, सोनाली व रिमझिम को स्वर्ण व रजत पदक

**राजनांदगांव।** दिग्विजय महाविद्यालय की छात्राओं एकता बंजारे, सोनाली साहू व रिमझिम मैगी ने कोलकाता में आयोजित कोलकाता अस्मिता खेलो इंडिया सब जूनियर, जूनियर व सीनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिता (वेट लिफ्टिंग) में शानदार प्रदर्शन करते तीन स्वर्ण व दो रजत पदक प्राप्त किया।



एकता बंजारे ने 71 किग्रा जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। सोनाली साहू 64 किग्रा सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। रिमझिम मैगी ने 87 किग्रा जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक व सीनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। विद्यार्थीयों की इस सफलता के लिए दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने क्रीडाधिकारी अरूण चौधरी, एकता बंजारे, सोनाली साहू व रिमझिम मैगी को शुभकामनाएं दी।

# साय के सीएम बनने पर फेडरेशन ने जताई खुशी



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल, बृजभान सिन्हा, सीएल चंद्रवंशी, वीरेंद्र रंगारी, सोहन निषाद, अब्दुल कलीम खान, मुकेश शुक्ला, भूषण साव, स्वाति वर्मा, नवीन कुमार पांडे, उत्तम डड़सेना, देवचंद बंजारे, शिवप्रसाद जोशी, खोमलाल वर्मा, हेमंत पांडे, लीलाधर सेन, पुष्पेंद्र साहू, संजीव मिश्रा, हेमंत दोदिलकर, संगीता ब्यौहरे, अभिषिक्ता फंदियाल, सुधांशु सिंह, पायल देवांगन, चंदना पानसे, शिरीष कुमार पांडे, रमेश साहू, राजेश शर्मा, नरेश प्रसाद दुबे, रानी ऐश्वर्य सिंह ने विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर खुशी व्यक्त किया है। उनका कहना है कि अन्य विभागों की तुलना में शिक्षा विभाग का अमला सबसे बड़ा है, लेकिन विभागीय अधिकारियों में निर्णय लेने की इच्छा शक्ति की कमी एवं प्रभारवाद के कारण शिक्षा विभाग की दुर्दशा है। पदीय वरिष्ठ व्यक्ति, कनिष्ठ के अधीन काम कर रहे हैं, जो कि विभागीय भर्ती पदोन्नति नियम-2019 का उल्लघंन है। नियमों में किए गए संशोधनों की समीक्षा किया जाना चाहिए।

प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात कर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने पर फेडरेशन की ओर से बधाई दी। साथ ही लंबित 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से देने की मांग की।

# नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों का सम्मान

- कार्यकर्ताओं की बदौलत जिले में कांग्रेस का वर्चस्व कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस व जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिसंबर को जीई रोड स्थित सतनाम भवन में अविभाजित राजनांदगांव के कांग्रेस विधायकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय सतनाम भवन में राजनांदगांव कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भारत यात्री हिमानी वासनिक द्वारा राज्यगीत अरपा पैरी के धार गीत से समारोह का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नवनिर्वाचित विधायकों को फूल-मालाओं से कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल व खैरागढ़ विधायक यशोदा पितांबर वर्मा को जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा शॉल श्रीफल, कांग्रेस का गमछा पहनाकर सम्मानित किया।

स्वागत भाषण देते जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि कांग्रेस संगठन के सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ चुनाव लड़ी और जिले में अच्छा माहौल बनाया।



जिसकी बदौलत जिले में 5 विधायक हमारी है। शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि राजनांदगांव हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है। जिले के 6 विधानसभा में से 5 में कांग्रेस ने अपना कब्जा जमाया है।

इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम सिंह कोठारी, पूर्व विधायक प्रकाश यादव, महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, अंगेश्वर देशमुख, पंकज बाधव, महेन्द्र यादव, मोती साहू, सुदेश देशमुख, कमलजीत सिंह पिन्टू, रूपेश दुबे आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस के पक्ष में रहा माहौल

डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कांग्रेस के एक-एक सिपाही ने किया है। जिसका अच्छा परिणाम रहा कि अविभजित राजनांदगांव जिले में पांच विधानसभा सीट कांग्रेस के पक्ष में रहा है। डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल ने कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अटूट मेहनत से पहली बार विधायक बनी हूं। कांग्रेस के वरिष्ठजनों से लेकर एक-एक कार्यकर्ताओं की ऋणी हूं।

### योजनाओं का दिखा असर

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि कांग्रेस गरीबों, मजदूरों व किसानों की सरकार है। आज छत्तीसगढ़ में खेतों का रकबा बढ़ा है, किसानी बढ़ी है तो उसका श्रेय कांग्रेस सरकार एवं उनकी जनहितकारी योजनाओं को जाता है। इसी तरह महिलाओं को समृद्ध बढ़ाने में कांग्रेस सरकार की योजनाओं ने अग्रणी भूमिका निभाई है। खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा ने जीत का श्रेय कांग्रेस सरकार की योजनाओं व कार्यकर्ताओं की मेहनत को देते कहा कि यह जीत मेरी नहीं कार्यकर्ताओं की जीत है।


धर्म ध्वज रक्षक
हिन्दु हृदय सम्राट
विजय भैया
उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
के प्रथम कवर्धा नगर आगमन पर
शत्-शत् अभिनंदन
उमंग पाण्डेय
नेता प्रतिपक्ष वार्ड नं.3 पार्षद न.पा.प.
प्रदेश कार्यसमिति भाजयुमो छ.ग.
धनराज उपाध्याय
कवर्धा


माननीय विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन के
प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक स्वागत...वंदन...अभिनंदन...
मा. विजय शर्मा जी
उप मुख्यमंत्री
छ.ग.शासन
मा. भावना बोहरा
विधायक पंडरिया
गणेश तिवारी
विनीत- गणेश तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा किसान मोर्चा, छ.ग.